तापमान
अधिकतम 33.5 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 27 मई 2025

12 विवाद के बाद आखिर मंडी में पांच करोड़ का टेंडर किया गया निरस्त

13 सुहागन महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए रखा वट सावित्री व्रत




# सड़क किनारे वाहन खड़े करने वालों की खैर नहीं, होगा ऑनलाइन चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ने शहर के मार्केट एरिए में बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर ऑपरेशन सुरक्षा अभियान शुरू किया है। इसे लेकर पुलिस जवानों की टीम शाम के समय नियमित रूप से संवेदनशील जगहों की सर्चिंग कर रही है। साथ ही ऑनलाइन चालान शुरू किया गया है। इस दौरान जहां कहीं भी बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े नजर आएंगे, ट्रैफिक पुलिस सीधे ऑनलाइन चालान करेगी। ट्रैफिक पुलिस की टीम ने स्मृति नगर में देवी आलू गुंडा सहित आसपास के अन्य क्षेत्रों में वाहनों की जब्ती कार्रवाई भी की। मोपेड, बाइक, कार सहित अन्य वाहनों को जब्त किया। साथ ही दुकानदारों को फटकार भी लगाई। इसी प्रकार की कार्रवाई बस स्टैंड दुर्ग, इंदिरा मार्केट, गंजपारा क्षेत्र में भी की गई। मार्केट क्षेत्र में यातायात व्यवस्था, सरल एवं सुगम बनाने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है।

### क्रेन लेकर चल रही ट्रैफिक पुलिस, लापरवाही वहां कार्रवाई

ट्रैफिक पुलिस की टीम नियमित रूप से क्रेन लेकर चल रही है, इस दौरान जहां कहीं भी लापरवाही नजर आती है, वहां कार्रवाई की जा रही है। स्मृति नगर से सूर्या मॉल के आसपास, इंदिरा मार्केट, बस स्टैंड में खड़े दो पहिया वाहन को क्रेन से उठाकर यातायात कार्यालय पहुंचाया गया। वहीं चार पाहिया वाहनों में लॉक लगाने एवं सड़क में खड़ी बसों पर ऑनलाइन चालान किया गया। व्यापारियों को भी सड़क में सामान दोबारा न रखने की हिदायत दी गई। साथ ही आदेश नहीं मानने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### स्मृतिनगर, बस स्टैंट, इंदिरा मार्केट, गंजपारा में चला ऑपरेशन सुरक्षा अभियान






### सड़क किनारे वाहन न खड़े हो, इसके लिए एज मार्किंग

ट्रैफिक पुलिस जाम की स्थिति न बने, इसके लिए लगातार प्रयासरत है। दुर्ग में इंदिरा मार्केट में सड़क में वाहन खड़ा न हो, इसके लिए रोड मार्किंग (एज मार्किंग) की गई। ट्रैफिक पुलिस चार प्रमुख बिन्दुओं पर काम कर रही है। इसमें सड़कों एवं चौक चौराहों की अभियांत्रिकी त्रुटि को दूर करना, सड़कों से अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा हटाना, वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना, सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत के कारण एवं लापरवाही का पता लगाना शामिल है। इसके अलावा व्यापारियों को लगातार समझाइश दी जा रही है। ताकि वे अपनी दुकान के सामने वाहनों की बेतरतीब पार्किंग न होने दें।

## खबर संक्षेप

### एक देश-एक चुनाव पर कार्यशाला आज

**भिलाई।** कला मंदिर सिविक सेंटर में 27 मई को दोपहर 3 बजे से वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सहित अन्य मौजूद रहेंगे। आयोजकों ने बताया कि देश को विकसित करने की मुहिम में एक देश एक चुनाव मील का पत्थर साबित होगा। इस कार्यक्रम में व्यापारी, राजनीतिक व्यक्ति, समाजसेवी से लेकर अन्य फील्ड से लोग शामिल होंगे।

### फर्नीचर दुकान के वर्कर ने उड़ाए 5580,पकड़ाया

**भिलाई।** फर्नीचर दुकान के वर्कर ने ही ड्राज से 5580 रुपए पार कर दिए। सूचना पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी धनेश डांडे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सनत कुमार पिता भरत लाल उम्र 42 साल निवासी वार्ड 44 लक्ष्मी नारायण सेक्टर 11 जोन 2 खुर्सीपार की फर्नीचर की दुकान है। उन्होंने शिकायत की थी।

### टीआई, एसआई सहित 50 जवानों का तबादला

**भिलाई।** नए पुलिस कप्तान के आने के बाद से पुलिस महकमें में सर्जरी का दौर जारी है। सोमवार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने 50 अन्य पुलिस जवानों के ट्रांसफर आदेश जारी किया। इसमें दो टीआई, तीन एसआई, 5 प्रधान आरक्षक सहित 50 जवान शामिल हैं। आदेश के मुताबिक टीआई चंद्रकांत कोसरिया को लाइन से कंट्रोल रूम, यशकरण ध्रुव को यातायात से लाइन भेजा गया है। इसी प्रकार एसआई निर्मल कुमार को कंट्रोल रूम से मोहन नगर, उदय शंकर झा को वैशालीनगर से लाइन, मकरजध्वज को वैशालीनगर से लाइन भेजा गया है। प्रधान आरक्षकों में राजकुमार शर्मा को यातायात से लाइन, राधेलाल महिपाल को यातायात से लाइन, संतोष शर्मा को लाइन से वैशालीनगर, गौतम शर्मा को लाइन से नेवई, मोहन ठाकुर को लाइन से मोहन नगर भेजा गया है। इसके अलावा आरक्षकों में यातायात से यशवंत देशमुख, अर्जुन दुबे, राहुल सोनी, महेश यादव, आशिक अली, पी मधुसूदन, दीपक साहू, राजेश वर्मा, मनीष साहू, विनय कुमार को लाइन भेजा गया है। इसके अलावा लाइन से विराज पांडेय, कृष्ण कुमार, संतोष कुमार, शैलेंद्र कुमार, रिंकू सिंह, विजेंद्र यादव, भागीरथी, अजय बघेल को यातायाता विभाग में भेजा गया है। आरक्षकों में मनीष वर्मा, तारकेश्वर बंछोर, छबिलाल, धनाराम, समर यादव, राजेश सोनी, रोशन कुमार, दीपेश वर्मा, हरीश वर्मा, नगीना धीवर, कविता ठाकुर, नीलू साहू, नम्रता सिंह, टिकेश्वर को पुलिस लाइन ट्रांसफर किया गया है। बी वीरनारायण, विवेक यादव को एसीसीयू, केशव साहू को रानीतराई, मुकेश वर्मा, तुकाराम, उमाकांत व्रमा, विकास शर्मा को यातायात, गजानंद मालाकार को रानीतराई और दिगपाल सिंह को अंडा थाने में पदस्थ किया गया है।

**लापरवाही :** सफाई व्यवस्था बदलने के बाद वैकल्पिक इंतजाम अब तक नहीं

# हफ्ते भर से नहीं उठ रहा शहर के घरों का कचरा, लोग फेंक रहे सड़क पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

*डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाले दीदीयों और 582 से अधिक कर्मचारियों को पिछले सप्ताहभर से वेतन का भुगतान नहीं होने के कारण घरों से कचरा नहीं निकल रहा है। शहर के रिहायसी वार्डों से लेकर बाजार इलाको में कचरे का कलेक्शन नहीं होने से व्यापारी और रहवासियों चार दिनों से परेशान है। अचानक गाड़ी वाले कचरा लेने नहीं आ रहे है, जिससे शहरवासियों का गुस्सा निगम प्रशासन पर फूटने लगा हैं। निगम प्रशासन द्वारा वेतन भुगतान के लिए अब तक कोई नहीं निकाला गया हैं।*

शहर में कचरा कलेक्शन ठप होने के बाद भी निगम ने दूसरा विकल्प तैयार नहीं किया है। जिससे वार्डों में अघोषित नुक्कड़ कचरों से पटने लगे हैं।

कर्मियों के हड़ताल से वार्डवासियों के आक्रोश का सामना पार्षदों का करना पड़ रहा है, जिससे रोज तूतू-मैमै की स्थिति निर्मित है। नगर निगम मिशन क्लीन सिटी के तहत 582 से अधिक दीदी और कर्मचारी सफाई कार्य करते है। इन्हें अप्रैल और मई माह का वेतन निगम प्रशासन द्वारा जारी नहीं किया गया हैं। जिससे नाराज कर्मचारियों ने पिछले सप्ताहभर से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन बंद कर चुके है। जिससे शहर में गंदगी का आलाम बना हुआ हैं, इंदिरा मार्केट में कचरा नहीं उठने के कारण दुर्गंध फैल रहा है, व्यापारियों ने बताया सब्जी के वेस्टेज और बाजार से निकालने वाले कचरों का सप्ताहभर से उठाव नहीं हो रहा है। यही हाल रविशंकर स्टेडियम के सामने, समृध्दि बाजार, शनिचरी बाजार, नया और पुरान बस स्टैंड में बना हुआ हैं। इसके आलावा साठ वार्डों में कही पर भी रिक्शा नहीं पहुंच रहा है। व्यापारियों ने बताया कि रिक्शा नहीं पहुंचने के कारण दुकान और घरों के सामने कचरा डंप करना पड़ रहा है।

### खास बातें

- साठ वार्ड में लगे एक हजार से अधिक रिक्शे के पहिए थमे
- शहर में सफाई कार्य ठप होने से चौक-चौराहों में कचरों का अंबार
- बाजार इलाको से लेकर रिहायसी और आउटर वार्ड में नहीं उठ रहा कचरा
- चार सौ से अधिक ई रिक्शा के पहिए थमे, आर्थिक संकट में सफाई कर्मी

### घरों से कचरा कलेक्शन नहीं होने से शहरवासियों का फूट रहा गुस्सा


इंदिरा मार्केट की स्थिति, लोगों में दिख रही नाराजगी।


जिला अस्पताल के सामने एसएलआरएम सेंटर बंद।

#### “ नहीं मिला वेतन

निगम हर माह दस तारीख को वेतन जारी करती है। इस बार वेतन नही मिला है। हमने हडताल से पहले निगम व जिला प्रशासन को पत्र लिखकर वेतन भुगतान की मांग की थी।

-रवि कुमार सोनी, प्रदेश महामंत्री मजदूर संघ

#### “ लगातार शिकायतें

घरों से कचरा लेने की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। वेतन की समस्या दूर करने के बजाय महापौर और एमआईसी मेंबर फोटो खिंचवाने में मस्त है। महापौर बताए हम वार्डवासियों को क्या जवाब दे।

-संजय कोहले, नेता प्रतिपक्ष दुर्ग

#### “ वेतन जारी करेंगे

एमसीसी कर्मचारियों को वेतन जारी किए जाने की तैयारी है। जल्द ही वेतन जारी कर दिया जाएगा। अप्रैल माह के वेतन में ही देरी हुई हैं। कर्मचारियों को वेतन जारी करने की जानकारी दी गई है।

सुमीत अग्रवाल, आयुक्त ननि दुर्ग

### सभापति ने स्वास्थ्य अधिकारी को लगाई फटकार

जानकारी अनुसार सभापति श्याम शर्मा सोमवार को सुबह अपने वार्ड इंदिरा मार्केट में निरिक्षण करने पहुंचे थे। जहां कचरे का उठाव नही होने पर वे स्वास्थ्य अधिकारी धमेन्द्र मिश्रा पर बिफर पडे और उन्हें जमकर खरी खोटी सुनाई हैं। इधर महापौर से लेकर एमआईसी प्रभारियों से सफाई नही होने की वार्डवासी शिकायत कर रहे हैं, लेकिन वे मूंह छिपाते नजर आ रहे है। इधर महापौर द्वारा चलाया जा रहा हैं अभियान इन दिनों सोशल मिडिया में भी ठप हैं।

**जनप्रतिनिधि बेपरवाह, कर्मचारियों ने खड़े किए हाथः** जनप्रतिनिधि और निगम प्रशासन इन दिनों स्वच्छता अभियान चला रहे है। लेकिन मिशन क्लीन सिटी के कर्मचारियों द्वारा कचरा उठाव करने से हाथ खडे किए जाने कारण शहर में यह अभियान ठप हो गया है। सप्ताहभर से शहर में कर्मचारियों ने सफाई करने से हाथ खडे कर दिए है, लेकिन जनप्रतिनिधि और निगम प्रशासन ने दूसरा विकल्प नहीं निकाला है।

# सामान्य सभा को जानकारी दिए बिना शौचालय की जगह बदलने को लेकर जमकर हुआ हंगामा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर निगम भिलाई की विशेष सामान्य सभा बैठक में सोमवार को जमकर हंगामा मचा। पक्ष और विपक्ष शौचालय निaर्माण को लेकर बरती गई लापरवाही को लेकर आपस में भिड़ गए। सत्ता पक्ष ने इस बात को लेकर नाराजगी व्यक्त कि बिना सामान्य सभा को जानकारी दिए बोरिया गेट के पास सेक्टर-4 में बनाए जा रहे शौचालय की जगह क्यों बदली गई। जबकि सामान्य सभा से प्रस्ताव पारित होने के बाद इस शौचालय का निर्माण किया जा रहा था। इसे लेकर जमकर हंगामा हुआ। पक्ष-विपक्ष ने कहासुनी हुई। अधिकारियों पर लापरवाही बरतने का आरोप भी लगाया गया। इसके बाद आयुक्त राजीव पांडेय ने सदन को जानकारी दी कि जिस जगह पर शौचालय की स्वीकृति दी गई थी, वहां विवाद की स्थिति बन रही थी। असामाजिक तत्वों द्वारा परेशान किया जा रहा था। इसे लेकर थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई, काम भी रुकवाया गया, लेकिन समस्या तस के तस बनी हुई थी। इस वजह से उच्च अधिकारियों को जानकारी देकर स्थल परिवर्तन कर शौचालय को अर्जुन नगर वार्ड-13 में शिफ्ट कर दिया गया। इसके बाद भी हंगामा होते रहा। सामान्य सभा में महापौर नीरज पाल, एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, पीयूष मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

### शौचालय निर्माण में 8 लाख से ज्यादा का खर्च, कौन करेगा वहन

बैठक में शौचालय निर्माण के दौरान 8 लाख रुपए से ज्यादा की राशि खर्च होने का भी मुद्द उठा। सदस्यों ने पूछा कि आखिर इस खर्च को कौन वहन करेगा। यह अधिकारियों की लापरवाही है, इसका खर्च अधिकारियों से लिया जाए। उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार योजनाओं के लिए पैसा दे रही है, लेकिन निगम के अधिकारी काम नहीं करा पा रहे हैं।ये बिल्कुल गलत बात है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सका। इस पर सदन में जानकारी दी गई कि यदि सदन चाहे तो शासन की योजना के तहत अर्जुन नगर में शौचालय का निर्माण किया जाए और बोरिया गेट के पास निगम अपने मद से निर्माण कराए। इस पर सहमति के बाद मामला शांत हुआ।

# अपशब्द कहकर चिढ़ाने से मना किया तो कैंची से प्राणघातक हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी

अपशब्द कहकर चिढ़ाने से मना किया तो कुम्हारी में सुनील उर्फ अण्डा सेन ने कैंची से प्राणघातक हमला कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि अमित साहू ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने दोस्त मालिक राम साहू और अमर साहू के साथ गुपचुप खाने सप्ताहिक बाजार कुम्हारी गया था। गुपचुप खाते समय रात करीब 8:30 बजे आरोपी सुनील उर्फ अण्डा सेन वहां आया। अमर साहू को रेमटा बोलकर चिढ़ाने लगा। मना किया तो मां-बहन की गंदी-गंदी गाली देकर जान से मारने की धमकी दी। हाथ-मुक्कों से मारपीट की। पास के सेलून से कैंच लाकर अमर के पेट और मालिक राम साहू के बाएं हाथ पर वार कर दिया।



# घोरारी में बन रही थी महुए की शराब, 15 भट्ठियां तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाटन

■ आबकारी विभाग की कार्रवाई, लंबे समय से मिल रही थी शिकायत

250 लीटर से ज्यादा शराब जब्त



पाटन थाना अंतर्गत ग्राम घोरारी में महुए की अवैध शराब की बिक्री बनाए जाने और बिक्री करने का मामला प्रकाश में आया है। खबर है कि लंबे समय से इस क्षेत्र में अवैध शराब का निर्माण किया जा रहा था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। सूचना पर आबकारी विभाग की टीम ने घेराबंदी कर उक्त जगह से 250 लीटर से ज्यादा अवैध महुआ की शराब जब्त की। 2 हजार लीटर से ज्यादा महुआ लहान जब्त किया गया। 15 भट्ठियों को भी तोड़ा गया। इधर घेराबंदी और कार्रवाई के दौरान आरोपी विभागीय टीम को चकमा देकर भाग निकले। बहरहाल इस पूरे मामले में जांच जारी है। अज्ञात के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।आबकारी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य प्रकरण में सुशाशन तिहार से प्राप्त आवेदन के बाद गाड़ाडीह थाना उतई में आरोपी नैनदास के कब्जे से 53 पाव मसाला मदिरा जप्त की गई। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

**स्कूलों में आरटीई के जरिए प्रवेश का मामला...**

# फर्जी प्रमाण पत्रों के जरिए एडमिशन कराने वालों पर केस


आरटीई में नया खेल...निगम का जाली वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट जारी कर प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

खबर का असर

वर्ष 2007-08 का गरीबी रेखा सत्यापन प्रमाण पत्र के आधार पर पालक अपने बच्चों का बड़े स्कूल में शिक्षा के अधिकार के तहत दाखिला करवा रहे है। इससे उन्हें नियमानुसार छूट की सुविधा प्राप्त होती है। इसके माध्यम से नर्सरी से लेकर बारहवीं तक निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। कुछ पालक जो गरीबी रेखा में नहीं हैं, उनके द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से दूसरे के बीपीएल सर्वे सूची क्रमांक पर अपना नाम दर्ज करके स्कूलों में पेश किया जा रहा है। इसके आधार पर बच्चों को दाखिला लिया जा रहा है। इसी प्रकार के कुछ प्रकरण में पता चला है कि नगर निगम भिलाई द्वारा बीपीएल प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है। वह गलत ढंग से बनाकर स्कूलों में प्रस्तुत कर रहे हैं। बीपीएल सर्वे सूची सत्यापन के लिंक में जाने पर वहां दूसरे व्यक्ति का नाम दिखा रहा है। हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता से उठाया। इसके बाद निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

पांडेय के निर्देश पर जोन सहायक राजस्व अधिकारी प्रशन्न तिवारी को सुपेला एवं स्मृति नगर थाने में जाकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। फर्जी दस्तावेज के आधार पर स्कूल में दाखिला लिया गया है, वह निगम द्वारा जारी नहीं किया गया है। ऐसे पालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। कुछ ऐसे बिचौलिए हैं जो निगम से जारी पूर्व दस्तावेजों के आधार पर उसी के समान बीपीएल सर्वे क्रमांक डालकर नाम दूसरे का अंकित करके बीपीएल प्रमाण पत्र बनवाकर दे रहे हैं। स्कूलों द्वारा भी निगम से प्रमाण पत्र सत्यापन नहीं कराया जा रहा है।



### डीईओ को भी दी गई जानकारी, दस्तावेज मंगाए गए

जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत ने जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा को पत्र लिखकर सूचित किया गया है कि जितने भी बच्चों का बीपीएल प्रमाण पत्र के आधार पर प्राइवेट स्कूलो में दाखिला हुआ है, उनका बीपीएल सत्यापन प्रमाण पत्र नगर निगम भिलाई के जोन कार्यालयों से कराया जाना अनिवार्य किया जाए। इससे उन्हीं बच्चों को बीपीएल श्रेणी के आधार पर प्राइवेट स्कूलों में दाखिला मिले, जो उसके पात्र हो। गलत लोगों के खिलाफ सक्त कार्रवाई की जाए।



# दो जिलों के कलेक्टर सहित एनएचएआई की बैठक, कमिश्नर ने मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारतमाला परियोजना को लेकर दुर्ग और राजनांदगांव के बीच उपजे विवाद के बाद संभागायुक्त एसएन राठौर ने दोनो जिले के कलेक्टर सहित एनएचएआई के अधिकारियों के साथ सोमवार को बैठक ली गई। इस दौरान जांच के बिन्दु निर्धारित कर कमिश्नर ने पन्द्रह दिन के अंदर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग एवं भारत माला के निर्माण हेतु दुर्ग तथा राजनांदगांव जिले के विभिन्न ग्रामों में भूमि का अधिग्रहण किया गया है एवं कई स्थानों पर अधिग्रहण का कार्य किया जा रहा है। अधिग्रहण में मुआवजा निर्धारण संबंधी कार्यवाही के संबंध में आज संभाग आयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। संभाग आयुक्त एसएन राठौर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सांसद विजय बघेल भी शामिल हुए। साथ ही उपायुक्त (राजस्व) पदुम यादव, कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह, कलेक्टर राजनांदगांव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे, एनएचएआई के परियोजना निदेशक दिग्विजय सिंह, एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी, एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव एवं एसडीएम राजनांदगांव भी मौजूद थे।

## एनएचएआई एवं भू-अर्जन प्रकरणों का निपटारा करें अधिकारी- सत्यनारायण राठौर

### मूल खसरे से टुकडे जमीनों की होगी जांच

बैठक में भारत माला परियोजना के भू-अर्जन के संबंध में आयोजित भूमि की जांच हेतु मूल खसरे को केवल अधिक मुआवजा प्राप्त करने के प्रयोजनों से छोटे-छोटे भूखण्डों में विभाजित कर मुआवजा प्रकरण की जांच करे। वहीं भू-अर्जन हेतु आशय पत्र प्राप्ति दिनांक के उपरान्त मूल भूमि के हस्तांतरण, बंटवारा, व्यपवर्तन, नवीन निर्माण इत्यादि मुआवजा हेतु सम्मिलित किये जाने। अधिक मुआवजा प्राप्त करने हेतु पूर्व दिनांक से फर्जी नामांतरण, बंटवारा प्रकरण तैयार कर मुआवजा स्वीकृत किये जाने। मुआवजा पत्रक तैयार करते समय भूमि पर स्थित सम्पत्तियों का सही विवरण प्रस्तुत नहीं किये जाने आदि की जांच के संबंध में चर्चा हुई। बैठक में अधिकारियों को शासन द्वारा प्रेषित प्रपत्र अनुसार जानकारी पन्द्रह दिवस के भीतर तैयार कर विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित किये जाने हेतु विभाग को उपलब्ध कराने कहा गया है। आदेश जारी कर जनसामान्य से पन्द्रह दिवस में भूमि अर्जन की प्रक्रिया के संबंध में शिकायत प्राप्त करने तथा प्राप्त शिकायतों पर पन्द्रह दिवस के भीतर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।



### शासन को समय पर नहीं भेजी रिपोर्ट

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत द्वारा विगत 18 मार्च 2025 को प्रदेश के सभी संभागायुक्त को पत्र जारी किया गया था। जिसमें उन्होने पन्द्रह दिवस के अंदर जांच बिन्दु निर्धारित कर रिपोर्ट मांगी थी। लेकिन अब तक रिपोर्ट नही दी गई। जिसके चलते इतने लंबे समय बाद फिर से बैठक लेकर दोनो जिले के कलेक्टरों को चेताया गया है। संभागायुक्त ने भू अर्जन में जिम्मेदारियों का निर्धारण कर उनके विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का प्रस्ताव विभाग को उपलब्ध कराने कहा है। वहीं सांसद बघेल ने एनएचएआई के परियोजना निदेशक को भारत माला सड़क निर्माण के दौरान क्षेत्र के किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए सुविधाजनक पुल निर्माण कराने की ओर ध्यान आकृष्ट किया।

## खबर संक्षेप



### फिट इंडिया सायकल कैम्पेन का आयोजन

दुर्ग। भारतीय खेल विकास प्राधिकरण एवं संचालनालय के निर्देशानुसार सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा खेलों इंडिया लघु कबड्डी ट्रेनिग सेंटर मर्रा पाटन जिला में फिट इंडिया सायकल कैम्पेन का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित ग्रामीणजन खिलेश वर्मा अध्यक्ष शाला प्रबंधक समिति मर्रा, संतोष यादव पीटीआई मर्रा एवं कबड्डी प्रशिक्षक भरतलाल ताम्रकार के नेतृत्व में किया गया। जिसमें खेलों इंडिया सेंटर मर्रा पाटन के कबड्डी खिलाडियों द्वारा देश में होने वाले प्रदूषण को रोकने एवं स्वस्थ रहने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए सायकल रैली निकाल कर संदेश दिया। भारत सरकार की योजना के अन्तर्गत संचालित खेलों इंडिया लघु कबड्डी सेंटर के खिलाड़ियों ने एक साथ जिले के नागरिकों को अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने एवं प्रदूषण को रोकने के उद्देश्य से सायकल रैली निकाली गई। 22 मई को केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया द्वारा प्रोत्साहित किया गया। प्रत्येक रविवार को सायकल रैली के लिए खिलाड़ियों को जूम मीटिंग के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### विचार गोष्ठी आज

दुर्ग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक बड़े विजन को लेकर बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए दुर्ग शहर विधानसभा स्तरीय विचार गोष्ठी आयोजित की गई है। मुख्य अतिथि भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डेय, अध्यक्षता विधायक गजेन्द्र यादव वक्ता विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान डॉ. शकील हुसैन, विशेष अतिथि अध्यक्ष, जिला भाजपा दुर्ग, सुरेन्द्र कौशिक, महापौर अलका बागमार, प्रदेश महामंत्री चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स अजय भसीन,जिला संयोजक राजेन्द्र पाध्ये उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम साइंस कॉलेज के राधाकृष्णन हॉल में 27 मई को सुबह 11 बजे आयोजित है।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 30 को

दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मालवीय नगर चौक में 30 मई को सुबह 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट केम्प में वृंदा इंजीनियर्स प्रालि के 220 पद एवं सिम्प्लेक्स कास्टिंग लिमिटेड के 5 पद कुल 225 रिक्त पदों हेतु भर्ती की प्रक्रिया की जाएगी।

**गड़बड़ी : मंडी सचिव ने कहा- शिकायत के बाद लिया गया फैसला**

# विवाद के बाद आखिर मंडी में पांच करोड़ का टेंडर किया गया निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कृषि उपज मंडी में करीब पांच करोड रूपए का कार्य निरस्त हो गया है। पिछले दिनों ठेकेदारों द्वारा बगैर पारदर्शिता के टेंडर जारी किए जाने की शिकायत कलेक्टर से की थी। जिसके बाद मंडी प्रशासन ने टेंडर निरस्त कर दिया है। ऐसी संभावना है कि, सडक व नाली सहित अन्य कार्य के लिए जारी टेंडर अब नए सिरे से पूरी पारदर्शिता के साथ जारी की जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि, कृषि उपज मंडी में करीब पांच करोड के टेंडर में गफलत होने की शिकायत नाराज ठेकेदारों ने कलेक्टर से की है। उन्होने लिखित शिकायत में कलेक्टर को बताया है कि, बगैर सार्वजनिक प्रकाशन और वीडियोग्राफी के पांच करोड के टेंडर को गुपचुप तरीके से बांट दिया गया है। ठेकेदारों से छुपाकर बांटे गए टेंडर में प्रतिस्पर्धा नही होने से नाराज कांट्रेक्टरों ने कार्यवाही की मांग की है। कृषि उपज मंडी द्वारा दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न कार्यों हेतु निविदा सूचना जारी किया गया था। जिसका सूचना पत्र लोक निर्माण विभाग द्वारा 13 फरवरी 2025 को जारी किया गया था। उक्त निविदा के अंतर्गत लगभग 5 करोड़ का कार्य हेतु निविदा आमंत्रित किया था, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने मिलीभगत की गई। ठेकेदारों ने आरोप लगाया है कि, टेंडर ऐसे अखबार में दिया गया, जिसे किसी को जानकारी तक नही लगी। जबकि विभाग में भी टेंडर की कोई जानकारी चस्पा नही की गई थी। उन्होने कहा कि, टेंडर की सूचना अपने पसंदीदा ठेकदारों को दी गई। ताकि वो आपस में रिंग बनाके कार्यों को आपस में बांट सके।

**खास बातें**

- टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता नही होने के कारण अटका निर्माण कार्य
- अब बारिश के चलते नही मिल पाएगी आम लोगों को कार्यो की सौगात

### बगैर टेंडर चहेतों को बांटने की कलेक्टर से हुई थी शिकायत



### सूचना चस्पा भी नहीं कराई गई थी

ठेकेदारों ने शिकायत में कहा था कि, रिंग बनाकर चेहते लोगों को काम दिया गया। जबकि प्रदेश के ठेकेदार इसमें शामिल तक नही हुए। टेंडर प्रक्रिया को कृषि उपज मंडी बोर्ड के सूचना पटल में चस्पा किया गया और उक्त कार्यों को अधिकारी और नेता के चुनिंदा ठेकदारों में आपस में बंदरबाट कर लिया गया। जिसकी भनक जब ठेकदारों को लगी तो इसकी जानकारी ठेकदारों ने मंडी के अधिकारियों से मांगा तो उन्होंने जानकारी देने से सीधे मना कर दिया। अफसरों ने जनप्रतिनिधि से मिलने कह दिया। उक्त बात से नाराज ठेकेदारों ने सीधे जिला कलेक्टर को इस व्यापक भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत कर निविदा को निरस्त कर दोषियों पर कार्यवाही की माँग की है। इस दौरान एस ग्रुप के संचालक राहुल सिंह, रवि शर्मा, योगेश जांघेल, राहुल पतील , प्रभात तिवारी, निखिल शर्मा, शुभम सरकार, हेमंत गोयल, प्रशांत अग्रवाल एवं विकास गुप्ता साहित अन्य ठेकदार उपस्थिति थे।

**निरस्त किया गया**

मंडी से पूर्व में निकाले गए टेंडर को निरस्त कर दिया गया है। अभी फिलहाल कार्य को लेकर कोई फैसला नही किया गया है। विवाद के चलते कार्य निरस्त हैं।
-**पवन मेश्राम,** सचिव कृषि उपज मंडी दुर्ग

### विवाद की भेंट चढ़ा करोड़ रूपए का कार्य

मंडी प्रशासन द्वारा जारी किया गया टेंडर तीन माह की अवधि के लिए था। लेकिन जनप्रतिनिधि और ठेकेदारों के बीच विवाद के कारण अब यह कार्य बारिश आने से थम जाएगा। इस टेंडर में शहर के महत्वपूर्ण कार्य शामिल थे। जिसमें पुलगाँव बजरंग चौक से बजरंग मंदिर होते हुए शीतला मंदिर तक सीसी रोड व नाली निर्माण, पुलगाँव तिरंगा भवन से राहुल पंडित घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण, पोटियाकला में भुनेश्वर निषाद के घर से रामकुमार निषाद के घर तक सी.सी. रोड निर्माण, पोटियाकला में आरती राम के घर से गोपाल पटेल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण, पोटियाकला प्रेम साहू के घर से जितेन्द्र साहू के घर तक तक सी.सी. रोड निर्माण, बधेरा में मोहलाई मुख्य मार्ग से ताम्रकर के घर तक सी.सी. रोड व डब्ल्यू बी.एम. रोड का निर्माण, बघेरा में मोहलाई मुख्य मार्ग से कालिन्द्री साहू के घर तक सी.सी. रोड व डब्ल्यू बी.एम. रोड का निर्माण, बघेरा में गोपाल भवन के आगे से रमन सिंह गौतम के घर तक सी.सी रोड एवं पक्की नाली का निर्माण, कातुलबोड मुस्कान पैलेस से बस डिपो तक सी.सी. रोड निर्माण, कातुलबोड़ में जय कन्नौजिया के घर से हेरिटेज स्कूल तक सी.सी. रोड निर्माण, कातुलबोड के हरिनगर में बनवारी यादव के घर से राघवन्द्र भदौरिया के घर तक सी.सी. रोड निर्माण, उरला बेलौदी मुख्य मार्ग से राजाराम यादव के मकान तक बजरंग पारा मे सी.सी. रोड निर्माण, उरला में नहर रोढ से पीलिया साहू के मकान से पूजा साहू के घर तक सीसी रोड निर्माण सहित करीब 26 कार्य शामिल थे।

# खुर्सीपार के ग्रामीण खारा पानी पीने को हो रहे मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

गुंडरदेही विकासखंड की ग्राम पंचायत गोड़ेला के आश्रित ग्राम खुर्सीपार के ग्रामीण आज भी खारा पानी पीने को मजबूर हैं। गर्मी के मौसम में यहां पीलिया, उल्टी और दस्त की समस्या लगातार बनी हुई है। बीते तीन वर्षों से यह स्थिति बनी हुई है। एक ग्रामीण की मौत भी हो चुकी है। गांव में नाली नहीं बनी है।

हालात यह हैं कि, गलियों में गंदा पानी बहता रहता है, जिसकी कई बार शिकायत भी की जा चुकी हैं। गली में बहने वाला यह पानी निस्तारी तालाब में पहुंचता है, जिससे संक्रमण की आशंका भी बनी हुई हैं। खुरसुनी नल जल योजना से मोहदीपाठ, खुरसुनी, देवरी डी, बह्मनी, चीरचार, देवसरा जैसे गांवों को पानी मिल रहा है। लेकिन गोड़ेला पंचायत के खुर्सीपार को अब तक इस योजना से नहीं जोड़ा गया है। करोड़ों रुपये की लागत से बनी पानी टंकी होते हुए भी ग्रामीणों को सुविधा नहीं मिल रही। जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने कहा कि, प्रशासन समय रहते ध्यान दे। गांव में सड़क, नाली और नल जल जैसी सुविधा दी जाए। बीते सप्ताह 50 ग्रामीणों को उल्टी-दस्त की शिकायत पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर इलाज किया गया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत की है। अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

- गांव विकास से अब तक अछूता, नलजल योजना भी लागू नहीं

## आज द्वितीय पाली में नहीं खुलेगा नल

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत के 42 एमएलडी फिल्टर प्लांट के सब स्टेशन मेन्टेनेस कार्य हेतु 27 मई को शट-डाउन लिये जाने के कारण, निम्नांकित क्षेत्रों में उक्त तिथि को प्रथम पाली में जल आपूर्ति किया जावेगा एवं द्वितीय पाली में जल आपूर्ति प्रभावित रहेगा। इस दौरान निगम के जल गृह विभाग द्वारा मांग अनुसार एवं आवश्यकता अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति की जावेगी। वही दूसरी ओर 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट व शिवनाथ नदी इंटकवेल में रविवार को मोटर पम्प में आई खराबी को ठीक कर लिया गया है। इससे संबंधित टंकियों में सप्लाई सामान्य किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान प्रभावित क्षेत्र 24 केएमएलडी टंकी रायपुर नाका, पांच बिल्डिंग सिविल लाईन, बोरसी वार्ड नं. 49 बोरसी पश्चिम, वार्ड नं. 50 बोरसी पूर्व, वार्ड नं. 51 बोरसी उत्तर, वार्ड नं. 52 बोरसी दक्षिण के आंशिक व वार्ड नं. 46 पद्मनाभपुर पूर्व के आंशिक M FएमएमएमएΩk noपोटिया टंकि वार्ड नं. 52 बोरसी दक्षिण, वार्ड नं. 53 पोटियाकला उत्तर, वार्ड नं. 54 पोटियाकला दक्षिण,बघेरा वार्ड नं. 1 नयापारा, वार्ड नं. 2 राजीव नगर, वार्ड नं. 03 मठपारा दक्षिण आदि वार्ड शामिल हैं।

# शासकीय भूमि पर अतिक्रमण राजस्व विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम धनोरा स्थित शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के मामले में अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग के निर्देश पर राजस्व विभाग ने कार्रवाई की। बेदखली का आदेश जारी किया गया था, लेकिन वेल्डिंग दुकान के अंदर सामान होने की आशंका के कारण फिलहाल उसे सील कर दिया गया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक घनश्याम चंद्राकर, पटवारी रविकांत परगनिया, माल जमादार (कोटवार) अनूप सिंह तथा पद्मनाभपुर थाना की पुलिस बल मौके पर उपस्थित थे। जानकारी के अनुसार, नकुल राम साहू पिता इंद्रजीत साहू द्वारा ग्राम धनोरा की शासकीय सड़क (खसरा नंबर 787, रकबा 0.62 हेक्टेयर) की भूमि के 87 वर्गमीटर हिस्से पर अवैध रूप से वेल्डिंग दुकान का निर्माण किया गया है। निर्माण के कारण शिकायतकर्ता प्रवीर पाल के खेत में जाने का रास्ता अवरुद्ध हो गया है, जिससे उन्हें कई वर्षों से परेशानी हो रही है। अवैध कब्जे की शिकायत वर्ष 2021 से कलेक्टर एवं अन्य उच्च अधिकारियों को की जा चुकी है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग द्वारा अब तक अवैध कब्जे को हटाने 6 बार बेदखली नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

### कब्जा हटाने का आदेश दुकान सील

मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि अनावेदक को पूर्व सूचना देने के उपरांत हल्का पटवारी, राजस्व निरीक्षक, पुलिस बल एवं आवेदक की उपस्थिति में वादग्रस्त भूमि पर कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई। ग्राम धनोरा स्थित खसरा नंबर 787, रकबा 0.62 हेक्टेयर (शासकीय धरसा भूमि) के 87 वर्गमीटर हिस्से पर निर्मित वेल्डिंग दुकान में ताला लगा हुआ पाया गया। दुकान के अंदर सामग्री होने की संभावना को देखते हुए उसे सील कर दिया गया है।

# कचरा फेंकने पर नोटिस जारी के साथ जुर्माना की होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आज नगर पालिक निगम दुर्ग के महापौर परिषद की बैठक डाटा सेंटर के सभागार में महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में बिन्दुवार 7 एजेण्डा विस्तृत चर्चा हेतु रखा गया।

जिसमें प्रमुख रूप से बारिश के पहले पुलगांव नाला में दो तरफ गैंग लगवाकर बेहतर सफाई करवाए, नगर निगम परिसर वाहन शाखा गैरेज में गाड़ियों के रखरखाव के लिए टीन सेट एवं सीमेंटीकरण निर्माण के निर्देश। विद्युत विभाग औधोगिक नगर, दक्षिण जवाहर नगर सोमनाथ मंदिर गार्डन व देशमुख के सामने गार्डन में 14 नग पुराने ट्यूबलर पोल व वार्ड 2 राजीव नगर में 2 पोल और वार्ड 3 मठपारा 3 पोल लगवाने को स्वीकृति मिली है। दुर्ग सीमाक्षेत्र के अंतर्गत बाढ़ आपदा नियंत्रण हेतु कुल 60 वार्डो में 89 दिवस हेतु (01 मई 2025 से प्रारंभ) प्रभावशील सहायक श्रमायुक्त की दर पर अस्थायी रूप से 45 अतिरिक्त कर्मचारी 45 दिन के लिए रखे जाने हेतु विभाग द्वारा प्रस्ताव को पारित किया गया। बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा संचालित निविदा आमंत्रण, शिफा स्व सहायता समूह पँचशील नगर नयापारा को 3 वर्ष के लिए दिये जाने हेतु पारित किया गया। महापौर ने कहा कि इदिरा मार्केट के सभी दुकानों को रात्रिकालीन दुकान बंद करते वक्त सड़क पर अपना कचरा फेंकने देते है, उनको नोटिस जारी के साथ जुर्माना की कार्वाही करने की बात कही। राजेन्द्र प्रसाद पार्क शॉपिंग कॉम्प्लेक्स दुकान क्रमांक 8 एवं 14 का लीज नवीनीकरण 25% वृद्धि के साथ किये जाने का निर्णय लिया गया। गुमटी योजना के अंतर्गत चिन्हित जगह पर गुमटी बनाये बनेंगे।

- महापौर की अगुवाई में एमआईसी की बैठक

### समाधान शिविर आज

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सुशासन तिहार 2025 के तृतीय चरण के लिए समाधान शिविर का आयोजन 5 से 31 मई तक समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 27 मई को वार्ड 29 को मानस भवन रविशंकर स्टेडियम के निकट में शिविर लगाया जाएगा। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। शहर के वार्ड 27, 28, 29, 40, 41, 42, 43, 44, 45 और 46 के रहवासी समाधान शिविर का लाभ ले सकते

आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र को प्रसार कार्य हेतु दुर्ग-भिलाई शहर में 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 11,000

दिनांक - 27 मई से 30 मई 2025
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक



Resume Whatsapp करें
8370049468
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com

हरिभूमि कार्यालय, आदर्श पेट्रोल पंप के सामने, कमला मेडिकल लाईन, सुपेला भिलाई

**29 मई से 12 जून तक दुर्ग में चलेगा अभियान**

# खेती की बारीकियां बताएंगे अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में 29 मई से 12 जून 2025 तक विकसित कृषि संकल्प अभियान खरीफ 2025 प्रारंभ होने के पूर्व कृषि कार्यों की तैयारी के संबंध में खरीफ मौसम के प्रमुख फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीको, किसानों के लिए उपयोगी विभिन्न विभागीय योजनाओं, मृदा स्वास्थ्य कार्ड में फसलवार अनुशंसित मात्रा अनुसार संतुलित उर्वरक के प्रति जागरूक करने तथा किसानों द्वारा किये गये नवाचार के संबंध में फीडबैक के आधार वैज्ञानिक द्वारा कृषि अनुसंधान की आवश्यक दिशा निर्धारण के उद्देश्यों से चलाया जाना है।

जिले में इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए तीन टीमें प्रति विकासखण्ड हेतु बनाई गई हैं। ये टीमें प्रतिदिन 2-2 ग्राम प्रति विकासखण्ड एवं जिले में कुल 78 ग्रामों में शिविर आयोजित कर किसानों से सीधा संवाद करेंगी। प्रत्येक टीम में आईसीएआर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रगतिशील किसान, एफपीओ प्रतिनिधि तथा लखपति, ड्रोन दीदी शामिल रहेंगे।

इन शिविरों में प्राकृतिक तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने, कृषि ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग, धान की कतार बोनी, डीएसआर मशीन से बोनी, सोयाबीन में उन्नत फसल तकनीक, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत समीपस्थ लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से फार्मर आईडी तैयार करने, डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में अन्य रासायनिक उर्वरको उपयोग, फसल चक्र परिवर्तन तथा पराली जलों से होने वाले नुकसान, समस्याओं आदि के संबंध में जानकारी दी जाएगी। इस दौरान किसानों से भी मिलेंगे।

- आधुनिक तकनीकी की जानकारी करेंगे साझा

### मुनादी कर किसानों को किया गया आमंत्रित

सभी ग्राम पंचायतों में अभियान का प्रचार-प्रसार और मुनादी के माध्यम से अधिक से अधिक किसानों को शिविरों में आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही आईसीटी माध्यमों से किसानों को जागरूक किया जाएगा। अभियान की प्रभावी निगरानी हेतु उप संचालक कृषि कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। जिले के किसानों से अपील की यह है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता कर उन्नत खेती अपनाएं और शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लें।

## न्यायालय से एसी के केबल की चोरी, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला अधिवक्ता संघ ने पुलिस अधीक्षक से एसी के आउटर डोर केबल के चोरी होने की शिकायत की है। जिला न्यायालय परिसर 1000 वर्गफीट की आउटडोर यूनिट की चोरी की सूचना एवं सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने हेतु अनुरोध किया गया है। जिला न्यायालय परिसर स्थित संघ के कक्ष कमांक-04 में लगे नये एसी का आउटडोर यूनिट चोरी हो गया, साथ ही कुछ दिन पहले उसी एसी का आउटडोर यूनिट की कापर पाईप भी भी चोरी हो गया था। कहा है वर्तमान में जिला न्यायालय परिसर, दुर्ग में चोरी की घटना दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। इसी संबंध में पूर्व में भी श्रीमान थाना प्रभारी सीटी कोतवाली दुर्ग को चोरी की जानकरी लिखित में दी जा चुकी है।

## खबर संक्षेप

### धनोरा महावीर उद्यान में शनि जयंती आज

**उतई।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग के तत्वावधान में 27 मई को महावीर उद्यान में शनि देव महाराज की जंयती मनाया जाएगा। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि सुबह 11 बजे पूजा-पाठ एवं दोपहर 3 बजे से खिचड़ी प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### पुरई में नए स्वीमिंग पूल का शिलान्यास आज

**भिलाई।** खेलगांव पुरई में तैराकों का भविष्य गढ़ने सर्व सुविधायुक्त नए प्रस्तावित स्विमिंग पूल का शिलान्यास 27 मई को बाजार चौक पुरई में दोपहर 1 बजे किया जाएगा। मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल, विशिष्ट अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, जिला अध्यक्ष भाजपा सुरेंद्र कौशिक, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ उपाध्यक्ष रमेश कुमार श्रीवास्तव, जिला पंचायत सभापति श्रद्धा पुरेंद्र साहू, रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, नगर पंचायत उतई अध्यक्ष सरस्वती साहू, अधिवक्ता एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा उपाध्यक्ष तुलसी साहू, जनपद सदस्य झमित गायकवाड पुरई के सरपंच डोमार सिंह साहू, उपसरपंच पुरई एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर तथा भिलाई टाइम्स संस्थापक यशवंत साहू एवं अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर करेंगे।

## निधन

### जी रामलू



**भिलाई।** क्वार्टर नंबर 6/डीएल-पाकेट, मरोदा सेक्टर भिलाई निवासी जी रामलू का आकस्मिक निधन 25 मई को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 26 मई को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया।

### लक्ष्मण माधवराव आड़े



**भिलाई।** लक्ष्मण माधवराव आड़े उम्र 85 वर्ष का निधन 26 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 मई को रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान 44 बी/3 नेहरू नगर (वेस्ट) भिलाई से सुबह 11 बजे निकलेगी। उनकी दो पुत्रियां और एक पुत्र है। वे अपने पीछे अनिमा आड़े प्रभु मुरली, अनुभा महाले दीपक महाले एवं डॉ. अनिमेष आड़े शुभांगिनी आड़े सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। लक्ष्मण माधवराव आड़े भिलाई इस्पात संयंत्र में बौद्ध समाज के प्रथम डीजीएम (इंचार्ज) थे।

### सुधा श्रीवास्तव



**उतई।** सुधा श्रीवास्तव पत्नी स्व. कैलाश नाथ श्रीवास्तव का निधन 24 मई को हो गया। वे अपने पीछे संगीता-संदीप, संजीव-रुचि, नमिता-राजेश, कुशाग्र-गरिमा, प्रखर, शाश्वत, मृदुल, देवयानी, पंखुड़ी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### गायत्री देवी विनोद



**भिलाई।** सुभाष नगर दुर्ग निवासी (पाहंदा वाले) गायत्री देवी पत्नी कृष्ण कुमार विनोद का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 मई को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे सूर्यकांत, रविकांत, रजनीशकांत और इंद्राणी मौर्य की मां थीं।

### के राधाकृष्णन



**भिलाई।** मकान नं एलआईजी-1-1812 विश्व बैंक कालोनी निवासी के राधाकृष्णन का निधन 26 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 27 मई को दोपहर 2.30 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### डुन्डेरा में सुशासन तिहार समाधान शिविर आयोजित

# सुशासन तिहार में हुई गोद भराई, कुपोषित बच्चों को बांटे आहार किट, समस्या भी सुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र रिसाली नगर निगम अंतर्गत ग्राम डुन्डेरा में सोमवार को आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित होकर ग्रामीणजन से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी विभिन्न समस्याओं का समाधान किया। शिविर के दौरान विभागीय योजनाओं से संबंधित विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर हितग्राहियों से सीधा संवाद किया और धरातल पर योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लिया। साथ ही गर्भवती महिलाओं को गोद भराई रस्म के अंतर्गत पोषण आहार किट प्रदान की गई तथा कुपोषित बच्चों को सुपोषण आहार कीट प्रदान किया गया ।

सभा को संबोधित करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा यह हमने चुनाव के दौरान जनता से वादा किया था कि आपके बीच पहुंचकर आपके समस्या का त्वरित निराकरण करेंगे उसी वादों के अनुसार आज सरकार आपके बीच भरी धूप में प्रदेश के मुख्य विष्णुदेव साय निरंतर आपके बीच पहुंचकर चौपाल लगाकर समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

आगे श्री चंद्राकर ने कहा कि देश में किसी की गारेंटी चलती है तो वो मोदी की गारेंटी चलती हैं। छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को तेजी से पूरा किया जा रहा है। सरकार बनने के बाद हमने पहली कैबिनेट बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृति दी। छत्तीसगढ़ में 70 लाख माताओं-बहनों को महतारी वंदन की राशि दी जा रही है। हमारा राज्य धान का कटोरा है। हम 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी कर रहे हैं। हमारे वनवासी भाई-बहनों को तेंदूपत्ता का प्रति मानक बोरा 5500 रुपये दिया जा रहा है। इस अवसर पर आयुक्त मोनिका वर्मा रिसाली, मरोदा-पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू (राकेश) जंघेल, वार्ड पार्षद खिलेंद्र विक्की चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद रोहित धनकर, हरीश नायक, गोविंद साहू, बूथ अध्यक्ष रंजना मानिकपुरी, मंत्री अजीत चौधरी, छाया पार्षद दुर्गेश साहू, केशव महिपाल, चौधरी राजू राम, एम लक्ष्मण राव, योगेश महिपाल, सांसद प्रतिनिधि इंद्रजीत सोनी, बूथ अध्यक्ष परमेश्वर, नारायण निर्मलकर, राकेश विश्वकर्मा, तहसीलदार बाला, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

**ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अधिकारियों से ली जानकारी**



### तयबद्ध समय सीमा में करें निराकरण

चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान श्री राम का ननिहाल है। रामलला दर्शन योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ वासियों को भगवान श्री रामलला का दर्शन कराया जा रहा है। अभी तक 22000 से ज्यादा श्रद्धालु भगवान रामलला का दर्शन कर चुके हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की भी शुरुआत हो गया है। हम हर क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को आगे ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। आगे अधिकारी कर्मचारी को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण करे अपना व्यवहार नम्र रखें जब जनता आपके बीच किसी काम को लेकर जाते है तो शालीनता पूर्ण व्यवहार करे । ये जनता की सरकार है जनता के द्वारा किए गए वादे के अनुरूप सरकार जनता बीच पहुंचकर समस्याओं का निराकरण कर रही है। आप सभी इस कार्य को प्राथमिकता से ले और तयबद्ध समय सीमा में निराकरण करे।

# सुहागन महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए रखा वट सावित्री व्रत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से अंडा, चिंगरी, कुथरेल, अछोटी, चंदखुरी, कोलिहापुरी, अंजोरा, रसमड़ा, बोरई, गानयारी, जंजगिरी, भानपुरी, खप्परवाड़ा, गुरेदा, देवगहन, ओड़ारसकरी, मटिया, ओटेबंद, सिरसिदा, परसदा, विनायकपुर, आमटी, मासाभाट, निकुम, खाड़ा, रूदा, भोथली, तिरगा, झोला अन्य क्षेत्रों में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। बरगद के पेड़ की पूजा-अर्चना कर सुहागन माताओं एवं बहनों ने पति की दीर्घायु की कामना के लिए वटसावित्री का व्रत रखा। सोमवती अमावस्या की तिथि पर यह व्रत मनाया जाता है। जेठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर यह व्रत महिलाओं ने रखा। इसका उद्देश्य अपने सुहाग की रक्षा छत्तीसगढ़ में पूजन परंपरा के अनुसार चुड़ी, फल तथा रक्षासूत्र वृक्ष को बांधा जाता है। सुहागन महिलाएं श्रृंगार कर पूजा पाठ करने पहुंची। इस अवसर पर अनेक स्थानों पर भारी भीड़ देखी गई। कई लोग घर में भी लोगों ने बरगद का पौधा रखकर पूजा-अर्चना की है। बरगद एक पेड़ होता है। इनका इस व्रत में बहुत महत्व है। कथा के अनुसार इसी पेड़ के नीचे सावित्री ने अपने पति को यमराज से वापस पाया था। सावित्री को देवी का रूप माना जाता है। पुराणों में बरगद के पेड़ में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास बताया जाता है। मान्यता के अनुसार ब्रह्मा वृक्ष की जड़ में, विष्णु इसके तने में और शिव ऊपरी हिस्सा में रहते हैं। यही वजह है कि यह माना जाता है कि इस पेड़ के नीचे बैठकर पूजा करने से हर मनोकामना पूरी होती है।

■ व्रत रखकर पति की रक्षा के लिए वट वृक्ष को बांधा रक्षासूत्र

# योग अद्भुत चिकित्सा पद्धति, जिसमें हर बीमारी का इलाज उपलब्धः रमेश बैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाकर निरोगी काया रखने की दिशा में प्रभावी जन जागरण अभियान चलाने के लिए छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने मार्गदर्शक मंडल योग प्रचार समिति का गठन किया गया। जिसकी प्रथम बैठक सर्किट हाऊस रायपुर में पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। मार्गदर्शक मंडल में पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, सांसदो, विधायकों, पूर्व आईएएस अधिकारी संत मनीषी सहित जामगांव आर, पाटन, रिसाली, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, कवर्धा, अंतागढ़, चिरमिरी, धमतरी, बागबाहरा, कोरबा, चांपा, सोनपैरी, अहिवारा, अभनपुर, पिथौरा, रतनपुर, बस्तर, मंडकूदीप, जगदलपुर, धरसीवा, देवभोग, जशपुर, नया रायपुर के प्रतिभा संपन्न समाज सेवियों, शिक्षाविदों को शामिल करते हुए 41 सदस्यों का मनोनयन किया गया। योग नियमावली बनाने के लिए आईएएस जीआर चुरेंद्र टैगोर नगर रायपुर, योग में पीएचडी डॉ. सीएल सोनवानी खमतराई रायपुर और वरिष्ठ पत्रकार शिक्षा विद आसकरण जैन जामगांव आर इन तीन नामों की घोषणा सर्वसहमति से पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने बैठक में किए। वहीं बैठक में पूर्व राज्यपाल रमेश बैस ने कहा कि छत्तीसगढ़ योग आयोग मार्गदर्शक मंडल गठित कर योग को जनव्यापी बनाने सक्रिय हुआ। योग भारत की संस्कृति से जुड़ी हुई स्वयं के द्वारा स्वयं के लिए की जाने वाली अद्भुत चिकित्सा है। इस चिकित्सा को प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्फूर्त अपनाना चाहिए। वहीं छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि जो दायित्व मुझे सौंपा गया है इसका भरपूर लाभ जन-जन को दिलाने में मार्गदर्शक मंडल मुझे मार्गदर्शन करे।

■ छत्तीसगढ़ योग आयोग मार्गदर्शक मंडल गठित, हुई प्रथम बैठक



### प्रदेश भर से 41 सदस्य बनाए गए

छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा द्वारा आमंत्रित मार्गदर्शक मंडल की प्रथम बैठक में सदस्य पूर्व राज्यपाल रमेश बैस पूर्व प्रांत चालक बिसराम यादव, विधायक इंद्रकुमार साहू, सीएम निज सहायक तुलसी कौशिक, सरस्वती शिक्षा संस्थान पूर्व प्रादेशिक सचिव जुड़वान सिंह ठाकुर , सच्चिदानंद उपासने, रिटायर्ड द्वय आईएएस अधिकारी जीआर चुरेंद्र एवं गणेश शंकर मिश्रा, संत देवकर साहब। रामरूप दास, शंकर दास, भागबली, चंद्रप्रकाश माण्डले, जस प्रणव शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार शिक्षा विद आसकरण जैन, ज्योतिष कश्यप, प्रणव चक्रवर्ती, ललितेश, योगीराज साहू, राजकुमार पटेल, नीरज वर्मा, लखन वर्मा, हनी, गंभीर, रतन चक्रधर, मछुआ कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष लखनलाल धीवर, विनोद देशमुख, छगनलाल सोनवानी, धीरज श्रीवास्तव, रामेश्वर प्रसाद सिन्हा उपस्थित हुए और विचार रखे।

# भाजपा की पहल पर तांदुला पुलिया सड़क की मरम्मत की

हरिभूमि न्यूज:बालोद





जिला मुख्यालय स्थित तांदुला पुलिया सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण राहगिरो को हो रही समस्याओ को देखते हुए भाजपा युवा नेता अभिनव यादव ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन 23 मई को सौंपा था जिसके 48 घंटे के अंदर तांदुला पुलिया सड़क की मरम्मत कार्य किया गया जिससे राहगिरो को हो रही समस्या से निजात मिला। जिसके बाद अभिनव यादव ने राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन अभियंता एवं अनुभविभागीय अधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग उपसंभाग बालोद के प्रति आभार व्यक्त किया। जिला मुख्यालय से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 930 मे बने तांदुला पुलिस सड़क इस कदर जर्जर हो चुका था कि उसके सरिये बाहर निकल आये थे और जगह जगह गढ्ढो बन गए थे जिसके कारण इस मार्ग से आने जाने वाले राहगिरो को आवागमन के समय काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता था तथा जिससे सड़क दुर्घटना होने का डर भी बना रहता था। वही इससे पूर्व भी इस मार्ग का मरम्मत किया जा चुका है लेकिन मरम्मत के बाद भी इस मार्ग मे कुछ महिनो के बाद गढ्ढे बन जाते है जिसके कारण बार बार राहगिरो को समस्या का सामना करना पड़ता है। जिसे देखते हुए भाजपा नेता अखिल यादव ने सड़क का जल्द मरम्मत करने की मांग की। जिसके ज्ञापन सौपने के बाद अधिकारी हरकत मे आए और सड़क का मरम्मत किया गया।

**बिजनेस साइट**

# ओम ज्वेलर्स के नए शो रूम का भव्य शुभारंभ



**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स के नए शो रूम का भव्य शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि तिमिरेन्दु शेखर सिंह एवं विशेष अतिथि निज सहायक मुख्यमंत्री तुलसी कौशिक, सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अल्का बाघमार, भाजपा दुर्ग जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, नगर निगम सभापति श्याम शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ दिल्ली संतोष साहू एवं गणमान्य नागरिक सराफा अध्यक्ष प्रकाश सांखला, ओम सोनी, अजय सोनी, धर्मेन्द्र सोनी, करतार सिंह अलरेजा, अधिवक्ता विजय शर्मा, अधिवक्ता नागेंद्र शर्मा, अध्यक्ष इंदिरा मार्केट मितेश पटेल, अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल अहिवारा विस नरोत्तम कुमार, अधिवक्ता रविशंकर मानिकपुरी, अनिल साहू, अजय दुबे आदि का गरिमामय उपस्थिति रहा। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### एनएमएमएसई परीक्षा में 13 बच्चे उत्तीर्ण, 6 का चयन



**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय परसदा डंग विकास खंड गुण्डरदेही से राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्र वृति के लिए कु अनुष्का पिता नारद, उपासना पिता भावसिंह, गुंजन पिता हेमंत, धारणा पिता अमृत, लकेशपिता माखन, नोमेंद्र पिता भूपेश का चयन होने पर नवीन यादव, विकास खंड शिक्षा अधिकारी, श्रद्धा ठाकुर, खेमराज साहू सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी, किशोर साहू बीआरसीसी, शैलेन्द्र पांडे सीएसी ने बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की। रूखमणी देवी चंद्राकर के संघर्ष प्रयास से 13बच्चे उत्तीर्ण हुए जिसमें 6बच्चे का चयन हुआ। यह छात्रवृत्ति प्रतिमाह 1000रु 9वीं से 12वीं तक की योजना के तहत राशि खाते में दिया जाएगा। बच्चो का चयन होने पर कुलदीप साहू मंडल अध्यक्ष, श्री मति सत्यवती साहू सरपंच, हिलेश्वर,नीलांबर अध्यक्ष,पालक गणों ने प्रधान पाठक एवं समस्त स्टॉफ को शुभकामनाएं दी।

### प्रेस क्लब कुम्हारी ने किया मैग्नेट चिकित्सा शिविर



**कुम्हारी।** प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी द्वारा प्रेस सभागार में स्व. गीतादेवी दामोदर दास खण्डेलवाल बहुउद्देशीय आरोग्य विकास संस्थान नागपुर द्वारा प्रेस क्लब के सौजन्य से मैग्नेट चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें असाध्य रोगों के अलावा समस्त नए पुराने रोगों पर प्रभावकारी चुम्बकीय पद्धति से ईलाज किया जाएग। शिविर का शुभारंभ प्रेस क्लब के संरक्षक डॉक्टर मोहन आनंद के द्वारा किया गया। शिविर 24 मई से 2 जून तक चलेगा। वहीं शिविर के प्रमुख चिकित्सक वीआर रामटेके ने बताया कि पूरे 10 दिनों तक असाध्य रोगों का प्रभावकारी चुम्बकीय पद्धति से उपचार किया जाएगा।

### छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, पेंशनर्स की हुई बैठक

# अब पेंशनर की समस्याओं का होगा निदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, पेंशनर्स फोरम की प्रांतीय बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए प्रधानमंत्री को पत्र से अवगत कराने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी पेंशनर्स फोरम के प्रदेश संयोजक बीपी शर्मा ने बताया कि फोरम की बैठक राजपत्रित अधिकारी संघ कार्यालय, शंकर नगर रायपुर में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के विभिन्न पेंशनर संघ के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज़ कराते हुए अपने विचार व्यक्त किए। जिसमें प्रमुख रूप से निम्नांकित समस्याओं पर चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से निराकरण करने हेतु निर्णय लिया गया । जिसमें महंगाई राहत धारा 49(6) के तहत मध्य प्रदेश से सहमति लेने की की बाध्यता को समाप्त की जाए। महंगाई राहत के साथ एरियर्स भुगतान केंद्र सरकार के समान किया जाए ।प्रदेश में लंबित पेंशन प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जावे, साथ ही सेवानिवृत्ति तिथि को समस्त स्वत्वों का भुगतान अनिवार्य रूप से किया जाए । पेंशनरों को उपचार हेतु कैशलेस की सुविधा अनिवार्य रूप से प्रदान किया जाए। उक्त सुविधा का लाभ शासन द्वारा जारी समस्त मान्यता प्राप्त अस्पतालों से किया जाए। जिसकी सीमा कम से कम दस लाख तक निर्धारित किया जाए।

प्रदेश स्तरीय पेंशनर फोरम की बैठक में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, पेंशनर फोरम के प्रदेश संयोजक बीपी शर्मा, आरके रिछारिया, चेतन भारती, यशवंत देवान, आरके ठाकुर, कौशल वर्मा, उमेश मुदलियार, सुनील नायक, पंकज पांडेय, आरएन नायक, पूर्णानंद नेताम, सीएल दुबे, एएन झा, कृष्णा प्रसाद तिवारी, विद्यासागर ध्रुव, श्रवण कुमार ठाकुर, मधुकांत यादु, तुलसीराम राठौड़, रमेश ठाकुर, विनोद चंद्राकर, भागीरथी साहू, दुबे लाल सेन, घनश्याम पुरी, लोकेश कुमार, रोमनाथ नायक, अरुण बघेल, भागवत जैन, धरमपाल वर्मा, पंकज नायक, बीपी कुशेल सहित प्रांतीय एवं विभिन्न जिला के जिला संयोजक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### यूआरएम के कर्मियों को मिला शिरोमणि पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के यूनिवर्सल रेल मिल विभाग में शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। विभाग के विशाल श्रीवास्तव, आकाश कुमार गुप्ता, नवीन कुमार, रतन कुमार साहू व अशोक शर्मा को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महाप्रबंधक प्रभारी विशाल गुप्ता ने चयनित कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जीएम शिशिर शुक्ला, रजत मुखर्जी, एलियास अहमद, भास्कर रॉय, डीएन बेहरा, रणबीर पॉल व सहायक प्रबंधक शिरीन शेक उपस्थित थीं। पुरस्कृत कार्मिकों ने अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के पुरस्कार से उनका मनोबल बढ़ा है एवं उन्हें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिली है।

### नवतपा के दूसरे दिन भी हुई बारिश, बढ़ी उमस

**भिलाई।** शहर में आज लोगों को बेमौसम बरसात के सिलसिले के दौरान मानसूनी बारिश का नजारा देखने को मिला। सुबह एक डेढ़ खंड हुई बारिश देखकर लोगों को यूं लगा जैसे बिल्कुल बरसात के मौसम में वर्षा होती है। नवतपा के दूसरे दिन आज खंड वर्षा से दिनभर और फिर रात में में भी चिपचिपी उमसस से लोग परेशान रहे।

## निधन

### जोहित राम

**भिलाई।** क्रास स्ट्रीट-1, क्वार्टर 1 ई सेक्टर 1 निवासी व पूर्व संयंत्र कर्मी जीतू (जोहित राम) कृपलानी



उम्र 65 वर्ष का निधन 26 मई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे छग श्रमजीवी पत्रकार कल्याण संघ की सदस्य प्रीति सरू के पति थे। वे अपने पीछे एक पुत्र और दो पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# बिना भवन अनुज्ञा के मकान-दुकान बनाने वालों पर होगी कार्रवाई, निगम कराएगा सर्वे

## आयुक्त राजीव प्रकाश ने बारिश के मौसम को देखते हुए निचली बस्तियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

शहर में बिना भवन अनुज्ञा के दुकान-मकान बनाने वालों की अब खैर नहीं है, ऐसे सारे लोगों पर निगम कार्रवाई करेगा। इसके लिए बकायदा सर्वे कराया जाएगा। ऐसे लोगों की सूची तैयार की जाएगी, इसके साथ नोटिस भेजकर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। जवाब संतोषजनक नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी। सोमवार को बरसात के समय जल भराव की स्थिति निर्मित न हो, इसे लेकर आयुक्त राजीव पाण्डेय ने निचली बस्तियों का निरीक्षण किया। इस दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली मौजूद थे।



### भूमाफिया और दलाल सक्रिय, जिनकी वजह से हो रही अवैध प्लाटिंग, लोग बना रहे मकान

अधिकारियों ने बताया कि प्लॉट बेचते समय भूमाफिया और दलाल सक्रिय रहते हैं, जो गलत जानकारी देकर जमीन बेच देते हैं। जमीन खरीदने वाले मकान भी बना देते हैं, लेकिन उसे क्षेत्र में नाली, सड़क और अन्य सुविधा नहीं होती है, जिससे बाद में परेशानी होती है। इसे देखते हुए निगम ने मकान निर्माताओं से अपील की है कि अपना मकान खरीदने से पहले निगम के भवन अनुज्ञा शाखा, टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग दुर्ग, शासकीय पटवारी कार्यालय आदि से भूखण्ड के वास्तविकता का पता लगा लें। रोड, नाली, एप्रोच रोड की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर लें। दलाल, भू-माफिया के बहकावे में न आएं। निरीक्षण के दौरान उपअभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, चंदन निर्मलकर, बसंत साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना आदि उपस्थित थे।

आयुक्त ने मॉडल टाउन उड़िया बस्ती, पंडित दिनदयाल उपाध्याय आवासीय कालोनी, पुष्पक नगर, आनंद नगर, कोसा नगर, रैश्ने आवास, कैलाश नगर, आर्य नगर कोहका, साकेत नगर, कृष्णा ग्रैण्ड सिटी, आनंद पुरम का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि मूल रूप से इन स्थानों पर यह समस्या आ रही है कि ज्यादातर प्राइवेट कॉलोनिया डेवलप हो गई हैं, जहां पर जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक सेवक, पुलिस विभाग, डॉक्टर, इंजीनियर, अधिवक्ता एवं व्यापारीगणों के बड़े-बड़े मकान बन गए हैं, लेकिन वहां पर सीवरेज एवं बरसात के पानी का पर्याप्त निकासी की व्यवस्था नहीं है।

## आवारा मवेशियों और एनओसी नहीं मिलने से बढ़ रही परेशानी

# टाउनशिप की समस्या को लेकर जन प्रतिनिधियों ने प्रबंधन पर बढ़ाया दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

टाउनशिप में आए दिन बिजली गुल होने और अन्य बुनियादी समस्याओं के निदान के लिए जन प्रतिनिधियों ने बीएसपी प्रबंधन पर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव ने आज बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता सहित अन्य अधिकारियों के साथ अहम बैठक कर रहवासियों की मूलभूत सुविधाओं की कमी पर असंतोष जताते हुए जल्द समाधान के लिए निर्देशित किया।

तीन दिन पूर्व नगर निगम भिलाई के स्वच्छता प्रभारी व पार्षद लक्ष्मीपति राजू ने भी सेक्टर 7 में बार बार बिजली गुल होने से परेशानी से अवगत कराते हुए पुराने ट्रांसफार्मर व तारों को बदलन की मांग की थी। सोमवार को विधायक श्री यादव ने बिजली की समस्या सहित ज्वलंत नागरिक सुविधाओं की बदहाली को दूर करने पर नगर सेवाएं विभाग के अधिकारियों से चर्चा की।विधायक ने बार-बार बिजली गुल होने की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि गर्मी के इस मौसम में जब बिजली की सबसे अधिक जरूरत होती है, ऐसे में लगातार कटौती से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ट्रांसफॉर्मर की स्थिति, ओवरलोडिंग और लाइन फॉल्ट की नियमित निगरानी करें और जल्द समाधान करें। उन्होंने मानसून सीजन को देखते हुए हुए नालों की सफाई कार्य में तेजी लाने की बात कही। कहा कि हर वर्ष बारिश से पहले नालों की समय पर सफाई न होने के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे स्थानीय लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं।

## पार्षदों के बाद बीएसपी सीजीएम से मिले विधायक देवेंद्र यादव

### खास बातें

- अधिकारियों के साथ हुई अहम बैठक में बिजली गुल होने और एनओसी नहीं मिलने पर जताया असंतोष
- कहा-जल्द हो आवासों का मेंटेनेंस और टारफील्टिंग कार्य
- डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए सफाई पर दिया जोर



### एनओसी नहीं देने से अधूरे पड़े हैं काम

विकास कार्यों के अधूरे पड़े होने को लेकर भी विधायक श्री यादव ने असंतोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि कई जरूरी विकास योजनाएं सिर्फ एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) न मिलने के कारण अधर में लटकी हैं। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे जल्द सभी रुके हुए प्रोजेक्ट्स के लिए एनओसी जारी करें, ताकि क्षेत्र में विकास की गति बनी रहे। विधायक ने अधिकारियों को सख्त निर्देश भी दिया है कि जनता ने हमें उनके हितों की रक्षा के लिए चुना है। हमारा कर्तव्य है कि हम उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें और उन्हें बेहतर जीवन देने के लिए काम करें।

### आवासों में जल्द हो टारफीलि्डंग और मेंटेनेंस

हर साल बारिश के मौसम में टाउनशिप के पुराने आवासों में सीपेज और सीलन की समस्या से रहवासी कर्मचारी और परिवार परेशान रहता है। विधायक ने अधिकारियों से बारिश पूर्व समस्याग्रस्त क्वार्टरों में जल्द टारफील्टिंग कार्य करने अधिकारियों से कहा। कर्मियों को आवासों के लंबित मेंटेनेंस कार्य को भी जल्द करने निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि आवारा पशुओं और कुत्तों से लोगों की बढ़ती परेशानी को देखते हुए जल्द निदान करें। उन्होंने मौसमी बीमारियों की तैयारी और डेंगू मलेरिया से बचाव पर जोर दिया। लीज नवीनीकरण कार्य में भी तेजी लाने निर्देशित किया। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं पर जल्द पहलकदमी की जाएगी।

# उच्च न्यायालय पहुंचा एनजेसीएस का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

दिसम्बर 24 में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा एनजेसीएस में सुधार के लिए दिए गए तीन माह का समय बीत जाने के बाद भी इस्पात मंत्रालय द्वारा कोई कदम नही उठाए जाने के बाद बीएकेएस ने पुनः दिल्ली उच्च न्यायालय में मुकदमा दायर किया है। इस पर कोर्ट ने 14 मई को सुनवाई किया तथा संबंधित पक्षों को नोटिस देकर जवाब माँगा है। मुकदमे की अगली सुनवाई 29 मई को निर्धारित की गई है।

- बीएकेएस यूनियन ने की कमेटी में सुधार की गुहार

एनजेसीएस में 25 यूनियन प्रतिनिधि में से 15 प्रतिनिधि नामांकित हैं। पाँच ट्रेड यूनियनों को तीन,तीन नॉमिनेटेड सीट का कोटा दिया गया है। यूनियन अपना अपना सदस्य नामांकित करती है। बीएकेएस यूनियन का कहना है किसेल की प्रत्येक इस्पात प्रोडक्शन यूनिट से रिकॉगनाईज्ड ट्रेड यूनियन का प्रावधान किया गया है। यानी सेल कर्मियों के वास्तविक प्रतिनिधि एनजेसीएस में मौजूद है तो नॉमिनेटेड प्रतिनिधियों की कोई भी जरुरत नही है। श्रम मंत्रालय तथा डीपीई द्वारा दिए गए गाईडलाईन के अनुसार विभिन्न कमेटियों के माध्यम से श्रमिको को प्रबंधन में भागिदारी दी जानी है। सेल स्तर पर सदस्यता सत्यापन नही हुआ है कि किस ट्रेड यूनियन के पास कितने सदस्य हैं भिलाई, सेलम तथा राउरकेला चुनाव में एटक तथा एचएमएस को 100 से कम वोट मिलता है फिर भी इन यूनियनों को तीन नॉमिनेटेड सीट दिया गया है।

### एनजेसीएस में नॉमिनेटेड सदस्य

इंकट के जी संजीवा रेड्डी, सत्यजीत रेड्डी/ डीएस पाणिक्कर, वंश बहादुर सिंह, एटक से विद्यासागर गिरी/रमेंद्र कुमार, रामाश्रय सिंह, डी आदिनारायण, एचएमएस के संजय एस बढ़वाकर, राजेंद्र सिंह, सुकांता रक्षित/शसाधर नायक, सीटू से तपन सेन, ललित मोहन मिश्रा, विष्णु मोहंती, बीएमएस डीके पाण्डेय, रंजय कुमार और एम जगदिश्वर राव।

## मैत्रीबाग जू में नन्हें पर्यटकों को शेर और भालुओं का बेसब्री से इंतजार



**भिलाई।** मैत्रीबाग जू में नन्हे पर्यटकों को चिड़ियाघर के प्रमुख जानवर शेर और भालुओं का बेसब्री से इंतजार है। यहां पिछले करीब एक साल से भालू का पिंजरा खाली है और एकमात्र शेर भी उम्रदराज हो चला है। इससे इनका नजारा लेन आए बच्चों को निराश होना पड़ रहा है। मैत्रीबाग में पिछले कई साल से नए वन्य प्राणियों को दूसरे जू से नहीं लाया गया है। इसके चलते आकर्षक वृद्ध जानवरों की मौत के बाद पर्यटकों को निराश होना पड़ रहा है। यहां भालू का कैज खाली पड़ा है। मैत्रीबाग में पांच साल पूर्व तक तीन भालू हुआ करते थे। लेकिन एक एक कर तीनों बूढ़े हो चुके भालुओं की मौत हो गई। इसके बाद अब तक दीगर जू से भालू नहीं लाए गए हैं। पिछले एक साल से एनक्लोजर खाली पड़ा है। इसी तरह यहां एक ही शेर (लायन)बचा है, जो वयोवृद्ध हो चला है। कुछ साल पूर्व तक चार लायन हुआ करते थे। मैत्रीबाग प्रबंधन द्वारा अब तक जानवरों की एक्सचेंज योजना के तहत न भालू ही यहां लाए गए और न ही लायन ही लाए गए हैं। एक मात्र उम्रदराज सिंह के मर जाने के बाद मैत्रीबाग जंगल का राजा विहीन हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि शेर, भालू बंदर ही बच्चों के प्रमुख आकर्षण का केंद्र हुआ करते हैं। इनके बिना जू की शान अधूरी रहती है। पर्यटकों ने बताया कि मैत्रीबाग में जल्द शेर भालू सहित अन्य आकर्षक वन्य प्राणियों को लाए जाने की जरुरत है।

# भिलाई इस्पात संयंत्र के यशवंत का उपन्यास 'दाई' विमोचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारी और साहित्यकार यशवंत साहू के छत्तीसगढ़ी उपन्यास 'दाई' का विमोचन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल थे। यशवंत साहू में संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के टीएसडी में सहायक महाप्रबंधक हैं। अभनपुर में हुए कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष छग कलार समाज के अध्यक्ष युवराज सिन्हा, योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा, विधायक संगीता सिन्हा, योगेश्वर सिन्हा, विधायक इन्द्र कुमार साहू, तथा महापौर शशि सिन्हा छग कलार समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

- स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सराहा

श्री जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की महान विभूतियों पर आधारित ऐसे साहित्य से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। उपन्यास 'दाई' छत्तीसगढ़ के कलार समाज की कुलदेवी मां बहादुर कलारिन की जीवनगाथा पर आधारित है, जिनका जीवन त्याग, संघर्ष और न्यायप्रियता का अद्वितीय उदाहरण है।श्री साहू इसके पूर्व दसमत'मैं बस्तर स्वर्णिम अतीत', 'वह धरा जहां पर सुर गूंजा' 'संगम', 'राजिम' तथा 'पलायन आदि कृति लिख चुके हैं।

# सांसद प्रतिनिधि ने 1154 रुपए कम जमा कराया टैक्स, अंतर की राशि जमा कराने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

नगर निगम रिसाली अपनी आय बढ़ाने के लिए अब फिर से टैक्स का निर्धारण करेगा। अब तक जिन लोगों से निगम संपत्तिकर वसूल कर रही है। उनके घर और दुकानों, व्यवसायिक संस्थानों का फिर से कर निर्धारिण किया जाएगा। स्व विवरणी की जांच

- रिसाली के सभी मकान और दुकानों का फिर से होगा टैक्स निर्धारण

की जाएगी। इसके लिए घर और दुकान जाकर नगर निगम के कर्मचारी-अधिकारी फिर से सर्वे करेंगे। पूरा नाप-जोक करेंगे। 40 वार्डो में बने मकान और दुकानों का फिर से कर निर्धारण किया जाएगा। इससे यह होगा कि जो लोग ज्यादा क्षेत्र में मकान व दुकान बना लिए है और स्व विवरणी में कम क्षेत्रफल दर्शाकर टैक्स बचा रहे हैं। वे अब



पकड़े जाएंगे और उनसे निगम प्रशासन पूरा टैक्स वसूल करेगा। इसकी शुरुआत सोमवार को मैत्रीनगर से की गई।

निगम की टीम सांसद प्रतिनिधि दीपक चंद्राकर के यहां भी जांच करने पहुंची। उनकी पार्षद पत्नी सुन्दा चंद्राकर ने भी जांच में सहयोग किया। पहले पुराने कर निर्धारण की प्रति उपलब्ध कराते, अधिकारियों को निष्पक्ष जांच का अनुरोध किया। गणना में निर्माण कार्य 66 वर्गफीट अधिक पाया गया। जबकि पहले 1582 वर्ग फीट का टैक्स निर्धारण हुआ था। मतलब 66 वर्ग फीट का टैक्स निगम को नहीं दे रहे थे। लेकिन जांच टीम को अंतर की राशि 1154 रुपए कम थी, जो जमा की गई। आयुक्त मोनिका वर्मा ने बताया कि संपत्ति कर विभाग को निर्देश दिया है कि वे निगम के 40 वार्डों में टैक्स फिर से निर्धारण करें। तीन माह में इस काम को पूरा करें। जानकारी छिपाने वालों पर कार्रवाई की भी जानकारी दी गई।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## बीएमएस ने बिजली खंभों में बिछे केबल हटाने की मांग की

# टाउनशिप के तालाबों में हो रहा अवैध मछली पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

भिलाई इस्पात मज़दूर संघ की बैठक हुई। पदाधिकारियों ने टाउनशिप की समस्याओं का निदान नही होने पर नाराजगी जताई। कहा कि अधिकारियों के अपनी ज़िम्मेदारी से पल्ला झाड़ने से टाउनशिपवासियों की परेशानियां बढ़ रही हैं। सभी समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की गई। यूनियन के महामंत्री चन्ना केशवलू की अध्यक्षता में हुई बैठक में आवासीय, बिजली कटौती और तालाबों में अवैध मछलीपालन आदि समस्याओं के के निराकरण की मांग की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि टाउनशिप के तालाबों में अवैध तरीके से मछली पालन किया जा रहा। अफसर ठेकेदारों के साथ



मिलकर कई वर्षों से बिना टेंडर मछली पालन कर अवैध कमाई कर रहे हैं। बताया कि बीएसपी के क्षेत्र के बिजली के पोलों में अवैध तरीके से कई प्राइवेट कंपनी संचालक केबल बिछा दिए पर सेल व बीएसपी को कोई टैक्स नहीं दे रहे है। इससे भी सेल को करोड़ों के राजस्व हानि हो रही है। पोल में केबल के तार लगने से बिजली शार्ट सर्किट की समस्या उत्पन्न हो रही है।

टाउनशिप में पिछले कई दिनों से लगातार बिजली कटौती 5 से 15 घंटे तक रहने पर भी प्रबंधन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।ऐसा लग रहा है कि कर्मचारी संयंत्र में 8 घंटे काम करने के बाद जब घर वापस लौटे तब बिजली गुल होने से कर्मचारी हताश व नाराज हैं।

### जर्जर आवासों से दुर्घटना का खतरा

बैठक में पदाधिकारियों ने प्रबंधन से मांग की कि लगातार शिकायत करने के बाद भी कई मकान जो जर्जर हालत में हैं. उनमें निवासरत कर्मियों को दूसरे मकानों में शिफ़्ट किया जाए। लाइसेंस में आबंटित किए गए मकान भी अनफिट हो चुके हैं, रहवासियों को दूसरे मकानों मे शिफ़्ट किया जाएँ। जर्जर आवासों से गंभीर दुर्घटना होने पर ज़िम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ क़ानूनी कार्यवाही होनी चाहिए। बीएमएस ने कहा कि टाउनशिप की समस्याओं का जल निदान नहीं होने पर कर्मचारियों के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा।

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)

02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025

चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)

राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 27 मई 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

02



पौधारोपण करने महिलाओं ने किया क्षेत्र भ्रमण , खाली स्थानों में फैलेगी हरियाली

## लाइव इवेंट

### फुटबॉल के सर्टिफिकेट कोर्स के लिए 24 खिलाड़ियों ने ली ट्रेनिंग



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ फुटबॉल एसोसिएशन एवं दुर्ग जिला फुटबॉल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने एआईएफएफ डी-सर्टिफिकेट कोचिंग कोर्स का आयोजन पंत स्टेडियम में किया गया। जहां पूरे छत्तीसगढ़ से 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कोचिंग कोर्स में ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने इंस्ट्रक्टर के रूप में मौलाली अली को भेजा गया, जिनके द्वारा सभी प्रतिभागियों को सुबह एवं शाम को थ्योरी एवं प्रैक्टिकल के माध्यम से फुटबॉल के कोचिंग की बारीकियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एक कोच को बच्चों को कैसे कोचिंग दी जाए, इस बारे में फोकस होकर वर्किंग करना चाहिए। कोचिंग कोर्स के समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ के महासचिव डॉ. जीडी गांधी, ऑल इंडिया फुटबॉल संघ के कार्यकारिणी सदस्य मोहनलाल, फारुख बेग, विजय भारत बिस्ट एवं प्रोतिम घोष उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

### प्रदेश में लागू हो एमएसपी कानून कृषि कार्य को मिले उद्योग का दर्जा



**भिलाई।** राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन किसान प्रकल्प के प्रभारी डॉ. मुरली मनोहर श्रीवास्तव दुर्ग पहुंचे। उन्होंने किसान, मजदूर और व्यापार जगत के प्रतिनिधियों के साथ सर्किट हाउस दुर्ग में बैठक की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वाभिमान आन्दोलन संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। परिचय और स्वागत की औपचारिकता के बाद डॉ. श्रीवास्त ने केएन गोविंदाचार्य के प्रकृति केंद्रित विकास को किसानों के बीच संवाद के माध्यम से रखा। उन्होंने अन्नदाता किसानो के अनुभव साझा करते हुए छत्तीसगढ़ के किसानो की समस्याओं को देखते हुए एमएसपी कानून लागु करने के साथ कृषि को उद्योग का दर्ज और अन्न को ऊर्जा का स्त्रोत घोषित करने की बात कही। दुर्ग में सर्किट हाउस आयोजित गोष्ठी में बालाघाट से आए डॉ. हनुमान दास ने वैनगंगा जनजीवन अध्ययन यात्रा पर अब तक हुए अनुभव पर अपनी बात रखी। बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर दिलीप देशमुख, प्रदीप दलाई, देवेन्द्र कोशिक, अरुण गुप्ता, भानु राव, उमेश पासवान, बहिरू आवारे, बसंत महापात्रा, मनोज ठाकरे, देवी गिरी गोस्वामी, अशोक पण्डा सहित अन्य मौजूद थे।

- राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन किसान प्रकल्प प्रभारी डॉ. मुरली मनोहर श्रीवास्तव का दुर्ग में हुआ आगमन

## लाइव इवेंट

### सतनामी समाज का चुनाव 29 जून को, रवि चुनाव अधिकारी



**भिलाई।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की वार्षिक आमसभा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि संस्था ने पूर्व में 13 अप्रैल को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि 20 मई तक सदस्यता अभियान चलाया जाए। इसे आगे बढ़ाकर 24 मई किया गया था। आम सभा में पारित प्रस्ताव के आधार पर आगे निर्णय लिया जा सकता है। प्रगतिशील सतनामी समाज का आम चुनाव 29 जून को होगा। इसे लेकर आयोजित बैठक में जानकारी दी गई कि वर्तमान पदाधिकारी और कार्यकारिणी समिति ने 6 महीने बाद चुनाव करने की बात बैठक में रखी थी, जिसे अमान्य करते हुए 29 जून को चुनाव कराने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है। इसमें चुनाव अधिकारी केएल रवि को बनाया गया है। वे वित्त विभाग के अपर संचालक रह चुके हैं।

- प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज की वार्षिक आमसभा बैठक में निर्णय
- सदस्यता को लेकर बैठक में दी गई जानकारी, नए सदस्य बनाने दिया जोर

● दुर्ग-भिलाई के 12 से ज्यादा शनि मंदिरों में अलग-अलग आयोजन, सुबह से ही कार्यक्रम

# शनिदेव जयंती आज... फूलों से सजा दरबार, विधि-विधान से होगी पूजा

## कहीं 51 किलो पंजीरी तो 108 किलो लड्डू का भोग, 56 भोग भी चढ़ेगा

दुर्ग-भिलाई में शनि जयंती 27 मई को मनाई जाएगी। महोत्सव के तहत 23 मई से मंदिरों में आयोजन शुरू हो चुका है। साधु-संतों और पंडितों के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जा रहे हैं। 27 मई को हवन-पूजन, श्रृंगार, सजावट महाआरती, भजन संध्या के साथ ही भंडारे भी होंगे। भगवान का दरबार सजकर तैयार हो चुका है। इस अवसर पर प्राचीन शनि मंदिर गंजपारा में 51 किलो धनिया की पंजीरी का प्रसाद चढ़ेगा। कुछ जगहों पर 56 भोग का प्रसाद तो संतराबाड़ी बुनकर संघ के सामने स्थित मंदिर में 108 लड्डू का भोग चढ़ाया जाएगा। इस अवसर पर कुछ मंदिरों में सुंदरकांड के पाठ सहित अनुष्ठान अनुष्ठान होंगे। दुर्ग-भिलाई के मंदिरों में विशेष आयोजन की तैयारी है। सुबह यजुर्वेद के वैदिक मंत्रों से पूजन, जप और यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। शाम 7 बजे 108 दीपों से विशेष आरती होगी। इसके अलावा भजन-कीर्तन के कार्यक्रम होंगे। शहर के अन्य मंदिरों में भी शनि जयंती को लेकर तैयारियां की गई है।



### गंजपारा प्राचीन शनि मंदिर में सुबह 7 बजे अभिषेक से होगी शुरुआत

**दुर्ग।** दुर्ग के गंजपारा स्थित प्राचीन शनि देव मंदिर में 27 मई को श्री शनीदेव जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह से लेकर देर रात्रि तक विभिन्न आयोजन आयोजित किए गए हैं। मन्दिर के संस्थापक एवं मुख्य पुजारी राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि जन्मोत्सव के अवसर पर तैयारी की जा रही है, जिसमें 51 किलोग्राम पंजीरी धनिया का महाभोग चढ़ाया जाएगा। मन्दिर की फूलों से विशेष साज-सज्जा कराई गई है। सुबह 7 बजे महाअभिषेक, 9 से 11 बजे पूजन आरती हवन पूर्णाहुति के बाद दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक भंडारा का आयोजन किया जाएगा। शाम 7 बजे महाआरती के साथ बूंदी धनिया से बनी पंजीरी के प्रसाद का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर के सभी शनि मंदिरों का उद्भव गंजपारा शनि मंदिर के बाद हुआ। दुर्ग-भिलाई में सबसे पहली एवं प्राचीन शनि मंदिर गंजपारा का है। शाम 7 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया है।

## राधिकानगर में पिछले तीन दिनों से मनाया जा रहा शनिदेव जन्मोत्सव

### सेक्टर-6 शनेश्वर धाम में भजन संध्या तिल का तेल और लोहे की वस्तुओं का होगा दान

शनैश्वर धाम शनि मंदिर समिति सड़क-33, सेक्टर-6 भिलाई में शनिप्रकट्य महोत्सव का 27 मई को मनाया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ी फिल्म गायिका सीमा सिंह भजन संध्या की प्रस्तुति देंगी। इसका समय शाम 7 बजे होगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से कमलेश दुबे, रजनीकांत पांडेय, दिनेश जायसवाल, महेंद्र प्रताप सिंह, अशोक जैन, योगेंद्र सिंह, अरुण उपाध्याय, राकेश सिंह, नरेश यादव, संतोष सराफ आदि उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा सुबह 6 बजे से ही शनिदेव की पूजा शुरू होगा। भक्तों द्वारा इस दौरान तील का तेल और लोहे की वस्तुएं दान की जाएंगी। इसके अलावा डीपीएस चौक हनुमान मंदिर में भी दिन भर श्रद्धालु पूजन हवन करेंगे। भोग भंडारा भी होगा। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।




### शनिदेव मंदिर राधिका नगर में तीन दिवसीय आयोजन

शनिदेव मंदिर राधिका नगर में 25 से 27 मई तक शनिदेव जयंती उत्सव मनाया जा रहा है। विश्व कल्याणार्थ यह आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह 8 से 11 बजे और शाम 5 से शाम 7 बजे तक अलग-अलग कार्यक्रम होंगे। 25 की सुबह 8 बजे वेदी पूजन के साथ उत्सव की शुरुआत हुई। 26 मई को सुबह 8 बजे राम दरबार, माता सीता, हनुमान, भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया। 27 मई को सुबह 7 बजे शनिदेव का अभिषेक और श्रृंगार, महाप्रसाद चढ़ाया जाएगा। इसके बाद महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विवाह बाधा, गृह क्लेश निवारण, नवग्रह शांति, शनि, राहू, केतु, मंगल दीप शांति, रूद्राभिषेक, यज्ञ सहित अनुष्ठान किए जाएंगे।

### रामनगर शनिदेव मंदिर में मनाया जाएगा शनि जन्मोत्सव

भिलाई। रामनगर इंदिरा चौक स्थित प्रसिद्ध सूर्यपुत्र शनिदेव मंदिर में इस वर्ष 27 मई को शनि जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए विशेष उत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुबह से ही मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ होंगे, जिनमें भगवान शनिदेव का विशेष तेलाभिषेक, पूजन-अर्चना और हवन किया जाएगा। भक्तजन बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर शनिदेव के दर्शन करेंगे और उनकी कृपा प्राप्ति हेतु पूजा-अर्चना करेंगे। पुजारी ने बताया कि शनि जयंती के उपलक्ष्य में विशेष सजावट की जा रही है। भक्तों के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई है। शनिदेव की कृपा से जीवन की बाधाएं दूर होती हैं। सुख-समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। ऐसे में इस शुभ अवसर पर भक्तों का उत्साह चरम पर है।

# चंद्रनाहू कुर्मी समाज का दो दिवसीय अधिवेशन 31 से, सीएम साय और चौधरी करेंगे करियर गाइडेंस

**दुर्ग।** चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्गराज का दो दिवसीय राज अधिवेशन एवं केंद्रीय महाधिवेशन 31 मई व 1 जून को आयोजित है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी होंगे। विशेष रूप से ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, सममाज के अध्यक्ष विनोद चन्द्राकर, अश्वनी चन्द्राकर, प्रदीप चन्द्राकर मौजूद रहेंगे। दूसरे दिन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विशिष्ट अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, पूर्व मंत्री अजय चन्द्राकर होंगे।

केन्द्रीय प्रतिनिधि कुन्दन चन्द्राकर ने बताया कि 31 मई को राज अधिवेशन में मुख्य अतिथि ओपी चौधरी पूर्व आईएएस अधिकारी व वर्तमान वित्त आवास एवं पर्यावरण मंत्री छग शासन का आगमन सुबह 10 बजे हमारे बीच 36 फोर्ट में होगा। इसमें सभी समाजिक सदस्यों, महिलाओं, युवाओं से विनम्र आग्रह की सभी समय का विशेष ध्यान रखते हुए सुबह 9 बजे तक 36 फोर्ट में पहुंचने कहा गया है।

पहले दिन ओपी चौधरी एक विशेष सत्र 18 से 35 साल के युवाओं के लिए विशेष रूप से उनके भविष्य को लेकर करियर गाइडेंस के रूप में उनका मार्गदर्शन करने के लिए मोटिवेशनल स्पीच के रूप में दिया जाएगा। इसका सर्वाधिक लाभ 18 से 35 वर्ष के आयु के सभी युवाओं को मिलेगा। यह सत्र सिर्फ और सिर्फ उन्हें ध्यान में रखकर किया जा रहा है। समाज का प्रयास है की मुख्य अतिथि के माध्यम से मोटिवेशनल स्पीच के माध्यम से हमारे समाज के युवाओं को सही मार्गदर्शन प्राप्त हो और वह अपने भविष्य को एक निश्चित दिशा दे पाए।

**कोलिहापुरी स्थित 36 फोर्ट में होगा आयोजन, समाज के प्रतिनिधि होंगे शामिल**





# झीरम घाटी में नक्सली हमले में मारे गए शहीदों और कांग्रेस नेताओं को श्रद्धांजलि



**भिलाई।** झीरम घाटी की दर्दनाक घटना को स्मरण करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस रिसाली नगर निगम के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस दौरान शहीद हुए जवानों, जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कैंडल जलाकर दो मिनट का मौन रखा गया। आयोजन में पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस घटना में कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, विद्या चरण शुक्ल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार सहित अन्य 30 से ज्यादा लोगों ने जान गंवाई थी।

## कबीर शोध केंद्र चंद्रनगर उपरपोटी में प्रतिदिन दिया जा रह प्रशिक्षण

# बच्चों को सिखाई जा रही नाट्य कला, संगीत और नृत्य

## 29 मई को मंच में देंगे प्रस्तुति, 50 से ज्यादा ले रहे भाग

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** ट्विनसिटी के बच्चों में कला-संस्कृति के प्रति रूचि जगाने सदगुरु कबीर शोध केंद्र चंद्रनगर उमरपोटी में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन बच्चों को नाट्य कला, संगीत, नृत्य की बारीकियां सिखाई जा रही है। मानिकपुरी पनिका समाज और कला-साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ द्वारा जेएमसी लाइव बैंड के संयोजन में यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कला विशेषज्ञ द्वारा नियमित रूप से बच्चों को जरूरी टिप्स भी दिए जा रहे हैं।



### एक्सपर्ट्स की निगरानी में सिखाई जा रही डांस और संगीत की कला

इस निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रतिदिन 9 बजे से किया जा रहा है। कार्यशाला में उत्साह के साथ प्रशिक्षुओं ने भाग ले रहे हैं, जिन्हें प्रशिक्षक गौतमी चक्रवर्ती, बाली, बरुण चक्रवर्ती, प्रदीप चटर्जी, साई चक्रवर्ती द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षकों द्वारा नाट्य, संगीत, नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन विशेषज्ञों की निगरानी में कला के अलग-अलग रूपों को सिखाया जा रहा है। इस अवसर पर ड्राइंग, पेंटिंग से जुड़ी जानकारी भी बच्चों को दी जा रही है। वर्तमान परिदृश्य में सांस्कृतिक-सामाजिक आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रशिक्षण शिविर का डिजाइन शक्ति चक्रवर्ती ने तैयार किया है। कार्यशाला का संयोजन सारथी चक्रवर्ती, मुकुंद दास मानिकपुरी, कुंवर दास मानिकपुरी, सीमा साहू द्वारा किया जा रहा है। समाज के महंत भी आयोजन में शामिल हो रहे हैं।अभिषेक वर्मा और अंकुश देवांगन जैसे कलाकार पहुंचकर भी बच्चों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान 10 से ज्यादा सेशन हो चुके हैं। 29 मई को प्रशिक्षण प्राप्त बच्चे और अन्य मंच में प्रस्तुति देंगे। इस बार की थीम पहलगाम में हुए आतंकी हमले और इसके बाद देश में निर्मित हालातों को प्रदर्शित करने की तैयारी की गई है। कार्यक्रम में कबीर शोध केंद्र में ही आयोजित किए जाने की तैयारी की गई है, जिसमें शहर के सभी प्रतिष्ठित कलाकार और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना है।

### ग्रामीण बच्चे और युवा भी प्रशिक्षण शिविर में ले रहे भाग

जानकारी के मुताबिक अपने तरह के इस अनोखे आयोजन में भिलाई के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे भी प्रमुख रूप से शामिल हो रहे हैं। इसमें मुख्य रूप से उमरपोटी, रिसाली, मरोदा, नेवई, धनोरा, पाउआरा, पतोरा के बच्चे पहली बार इस प्रशिक्षण शिविर में पहुंच रहे हैं। जहां इन बच्चों और युवाओं की कला की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। उन्हें बताया जा रहा है कि किस तरह से पेंटिंग तैयार की जाती है, उनमें रंग भरे जाते हैं। गीत, संगीत, नाट्य कला का मंचन किस प्रकार से किया जाता है। ग्रुप्स में बच्चों को अलग-अलग कैटेगरी के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। बच्चों ने कराया पंजीयन, इसके हिसाब से प्रशिक्षण आयोजन समिति के शक्ति चक्रवर्ती ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर को लेकर पहले पंजीयन कराया गया है। पंजीयन के बाद उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद इन सभी बच्चों को मंच में प्रस्तुति देनी है। संभवतः 29 मई को इसी जगह पर आयोजन की तैयारी है। फिलहाल प्रारंभिक तारीख ही घोषित की गई है, फाइनल तारीख जल्द घोषित की जाएगी। आयोजन को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। अब तक 10 से ज्यादा सेशन हो चुके हैं, जिनमें बच्चों को उनके पसंदीदी सब्जेट्स पर प्रशिक्षण दिया गया है। उन्हें बताया गया है कि होने वाली प्रतियोगिता किस प्रकार से होगी। प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित भी किए जाएंगे।

## सिटी इवेंट

# भाषा प्रशिक्षण शिविर में मराठी सीखने बच्चों में दिखा उत्साह



**भिलाई।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में ग्रीष्मकालीन भारतीय भाषा प्रशिक्षण शिविर का दूसरे दिन क्षेत्रीय भाषा को सीखने बच्चों में उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा कि किसी भी भाषा के प्रति दुराग्रह नहीं पालना चाहिए। भाषा हमारे भावों विचारों और ज्ञान का माध्यम है। कई बार हमें लगता है कि इस भाषा को बोलने वाले इंटेलिजेंट होते हैं और इस भाषा को बोलने वाले कम समझदार होते हैं। यह भ्रम के अलावा कुछ नहीं है। भारतीय भाषाओं के प्रति हमारा समान दृष्टिकोण होना चाहिए। अभी हम मराठी और तेलुगु के माध्यम से वहां की संस्कृति, परंपरा, साहित्य, स्लोगन आदि को आत्मसात करने का प्रयत्न कर रहे हैं। मराठी भाषा की मुख्य प्रशिक्षिका गीता माली ने मराठी भाषा सिखाते हुए कहा - चला मराठी शिकुया। मराठी भाषा के प्रशिक्षण में मराठी वर्णमाला, मराठी गिनती, जनरल ग्रिटिंग, अभिवादन, सामान्य वार्तालाप, समय सूचक शब्द और वाक्य, मराठी कविताएं, देशभक्ति स्लोगन का मराठी में अनुवाद करना सिखाया गया। प्रशिक्षिका गीता ने रास्ता पूछना, बाजार जाते समय बातचीत करना, सामान लाना इन छोटे-छोटे वाक्यों से बच्चों को कुछ प्रासांगिक संवाद भी बताए गए और बोलकर सिखाएं। बच्चों ने मराठी भाषा के प्रशिक्षण के इस शिविर में बढ़-चढ़कर उत्साह पूर्वक भाग लिया। मराठी भाषा सीखाने के प्रशिक्षण शिविर में रामाशीष चौहान, डॉ राखी श्रीवास्तव, डॉ अजय आर्य, सतीश धीवर सहित अन्य शिक्षकों की मुख्य भूमिका रही।

- **मराठी भाषा प्रशिक्षण दूसरे दिन बच्चों ने सीखा दिनचर्या के शब्द**




## लाइव इवेंट

# एलुमनी परिवार ने कराया 60 से अधिक जरुरतमंदों को भोजन




**भिलाई।** भिलाई विद्यालय एलुमनी कार्यकर्ताओं ने मदर टेरेसा आश्रम, शांति नगर में जरुरतमंदों को भोजन कराया। सिस्टर इंचार्ज की उपस्थिति में सभी निःशक्तजनों को दोपहर का शानदार स्वादिष्ट वेजिटेबल एवं नान - वेजिटेबल भोजन कराया गया। साथ में स्पेशल दही और मिठाई की भी व्यवस्था की गई। सिस्टर जयसन ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को खुद से परोसकर भोजन कराया। 60 से ज्यादा लोगों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर सुचित्रा दास, शुभायू दास, बिमान दादा, जाविद हसन, दिनेश मिश्रा, पीके सिंह, संचीत मंडल, शिव शंकर साहू, रूतेन्द्र पांडे सहित अन्य मौजूद थे।

## लाइव इवेंट

# युवतियों व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एक्सपर्ट दे रहे मेहंदी प्रशिक्षण



**दुर्ग।** युवतियों, महिलाओं और बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मेहंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कोड़िया में आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से महिलाओं और लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आयोजित किया गया है, ताकि वे अपने कौशल का उपयोग करके अपना जीवनयापन कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार से मेंहदी घोल बनाने और डिजाइन का प्रशिक्षण एक्सपर्ट द्वारा दिया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि इस प्रशिक्षण का लाभ महिलाओं, युवतियों और बच्चों को मिलेगा। जिससे त्यौहार और शादी के सीजन में वे अपने कौशल से मेहंदी लगाकर आय अर्जित कर सकेंगे। प्रशिक्षण का यह कार्यक्रम सरपंच ग्राम पंचायत कोड़िया और सेनानी मोर गांव के समिति के मेंबर जामिनि साहू, गीतांजलि यादव, ईशा यादव, लिलाम साहू द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो कि महिलाओं और लड़कियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रहे है। यह प्रशिक्षण बच्चों को एक सकारात्मक और रचनात्मक मार्ग भी प्रदान कर रहा है।

## ● महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर किया वट सावित्री व्रत

# पति के दीर्घायु व अखंड सौभाग्य की कामना के लिए की वट वृक्ष की परिक्रमा, खोइछा भरकर किया सिंदूर का दान, मांगा आशीर्वाद

**भिलाई।** ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को सुहागिनों ने वट वृक्ष की विधिवत पूजा कर अपने पति के दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना कर आर्शिवाद लिया। वट सावित्री व्रत के दिन सुहागिन महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। वट सावित्री व्रत में कुछ स्थानों पर वट पूजा के बाद सुहागिन महिलाओं ने एक-दूसरे को पूजन में प्रयोग होने वाले पंखे से खोइछा भी दिया और सिंदूर का दान किया। इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए सोमवार की सुबह से ही महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पूजा की थाल सजाकर बट वृक्ष के पास व मंदिरों में एकत्र होकर वट सावित्री व्रत की कथा सुनकर विधिवत पूजा अर्चना की। इस बार ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि 12 बजे के बाद लगने के चलते महिलाओं ने घर का कामकाज निपटाकर मुहूर्त अनुसार विधि विधान से पूजा अर्चना कर आर्शिवाद लिया। सोमवार को सुहागिनों ने अक्षत, रोली, चंदन व पूजा सामाग्री अर्पित कर वट वृक्ष को कच्चे सूत से बांधकर सात, ग्यारह व इक्कीस मानतानुसार परिक्रमा की साथ ही सावित्री व सत्यवान की कथा सुनी। जिसके बाद वृक्ष की छांव के नीचे बैठकर ध्यान लगाया और प्रसाद ग्रहण किया। कई स्थानों में भजन-कीर्तन भी किए गए। सोमवार का दिन भगवान शंकर को समर्पित माना जाता है। इसलिए आज वट सावित्री पूजा के लिए सुहागिनों ने अपने पति के लंबी आयु के लिए विशेष पूजा अर्चना भी की।



### वट वृक्ष को कहते हैं अक्षय वट

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बरगद के पेड़ में त्रिदेव यानी ब्रह्मा, विष्ण व महेश का वास होता क्षय वट भी कहा जाता है। मान्यता है कि वट वृक्ष की पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि आती है। वट सावित्री व्रत सुख-समृद्धि व अखंड सौभाग्य का प्रतीक है। ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि पर सुहागिन स्त्रियों ने सोलह श्रृंगार कर पति की लंबी आयु की कामना के साथ वट वृक्ष की पूजा की। मान्यता है कि इस व्रत को करने से अखंड सौभाग्य के साथ सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

### देवी सावित्री व सत्यवान से जुड़ी है पौराणिक कथा

पौराणिक कथाओं के अनुसार, इस दिन देवी सावित्री ने यमराज को अपने पति सत्यवान के प्राण लौटाने पर विवश किया था। इसलिए सुहागिन स्त्रियां पति की लंबी आयु के लिए वट वृक्ष के नीचे व्रत वाले दिन पूजा करती हैं और अखंड सौभाग्य का वरदान मांगती हैं।



## ऐसी होती है पूजा



### पूजा कर लिया बड़ों का आशीर्वाद

वट सावित्री व्रत में कुछ स्थानों पर वट पूजा के बाद सुहागिन महिलाओं ने एक-दूसरे को पूजन में प्रयोग होने वाले पंखे से खोइछा भी दिया और सिंदूर का दान किया। इसके बाद महिलाओं ने अपने बड़ों का आशीर्वाद लिया।



## सिमरनजीत बनी स्ट्रांग वूमेन...

# जिला स्तरीय चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने जीते चार स्वर्ण

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आमंत्रण पॉवर लिफ्टिंग बेंच प्रेस एवं डेड लिफ्ट चैंपियनशिप महिला-पुरुष सब जूनियर, जूनियर, सीनियर और मास्टर कैटेगिरी की प्रतियोगिता उतई में आयोजित की गई थी। 24 और 25 मई को आयोजित प्रतियोगिता में फिटनेस किंग जिम के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण पदक एवं स्ट्रांग वूमेन जीतकर जिम और भिलाई नगर का मान बढ़ाया।खिलाड़ियों में बलजीत सिंह ने सब जूनियर वर्ग डेडलिफ्ट बेंचप्रेस में शोमाभ घोष ने सीनियर वर्ग बेंचप्रेस में और सिमरनजीत कौर ने सब जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक स्ट्रांग वूमन का खिताब जीता।सभी खिलाड़ी पिछले कई महीनों से फिटनेस किंग जिम में कोच धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में अभ्यास रहे हैं। कोच श्री सिंह स्वयं कई बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीत कर अपना लोहा मनवा चुके हैं। कोच श्री सिंह ने उम्मीद जताते हुए कहा कि उनके तैयार किए हुए खिलाड़ी भविष्य में इससे भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। खिलाड़ियों की जीत पर डॉ दर्शन सिंह, फतेहवीर सिंह, राजीव शर्मा, गुल्लू दास, अशोक देवांगन, लवदीप सिंह, देव कुमार, सागर दास साहू, नवीन गुप्ता, लक्ष्मी साव, विकास प्रधान, प्रियांशु दास, सतीश पटले ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।




### चौथी फास्ट फाइव नेटबाल और सेकंड मिक्स नेटबाल में भाग लेने टीम आज होगी रवाना, इंदौर में 28 से 31 मई तक होगी स्पर्धा



**भिलाई।** चौथी फास्ट फाइव नेट बॉल और सेकंड मिक्स नेटबाल सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता 28 मई से 31 मई तक इंदौर मध्यप्रदेश में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ टीम दुर्ग से बालक वर्ग से फरहान अली, एसपी शुभम, टिकेश नंदूरकर, बालिका वर्ग में श्रुति साहू ,नाजिया, प्रियांशी, अदिति का चयन हुआ है। यह सभी खिलाड़ी आज नर्मदा एक्सप्रेस से बिलासपुर से इंदौर के लिए रवाना होंगे। खिलाड़ियों के इस उपलब्धि पर भिलाई विद्यालय ग्राउंड के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी और सीनियर खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के बेहतर परदर्शन के लिए अपनी अग्रिम शुभकामनाएं और बधाई दी।

## अमृत मिशन 2.0 वूमेन फॉर ट्री

# पौधारोपण करने महिलाओं ने किया क्षेत्र भ्रमण, खाली स्थानों में फैलेगी हरियाली




**भिलाई।** अमृत मिशन 2.0 वूमेन फार ट्री कार्यक्रम के अंतर्गत जामुल नगर पालिका परिषद की स्व सहायता समूह की महिलाओं ने पौधारोपण के लिए क्षेत्र भ्रमण किया। महिलाओं द्वारा पौधों के लिए सुरक्षा घेरा, सिंचाई जल उपलब्ध स्थान की जानकारी ली गयी। पर्यावरण को संरक्षित करने और ऑक्सीजन बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए जामुल क्षेत्र के खाली स्थानों में हरियाली फैलाने पौधरोपण किया जाएगा। जहां वे फोटो और वीडियो के जरिये रिपोर्ट तैयार कर रहे है। भ्रमण को दौरान चिन्हित स्थलों पर पहले से लगे पेड़ो की संख्या और क्षेत्रफल का आंकलन कर नए सिरे से पौधों के लिए तय किया जा रहा है। इस दौरान सामुदायिक संगठक सीमा गुप्ता द्वारा पालिका में महिलाओं को तिलक लगाकर आरती उतारी गई और उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान महिलाओं ने अलग-अलग दल बनाकर क्षेत्र भ्रमण किया गया।पालिका अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर और मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख़्शी ने बताया कि वुमेन फार ट्री कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है। पौधारोपण से नगर के खाली स्थानों में हरियाली फैलेगी। जो आक्सीजन के स्तर को बढ़ायेगा। जिससे वातावरण शुद्ध होगा। साथ ही पौधों की जड़े मिट्टी कटान को भी रोकती है। भ्रमण के दौरान मिशन मैनेजर शरद कुमार सिंह, एसबीएमपीआईयू गौरव केशरवानी, सहायक राजस्व निरीक्षक हिम्मत मंडावी, वेदांत वर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे। महिलाओं को पौधारोपण के लिए आवश्यक किट का भी वितरण किया गया।

**पौधों के सुरक्षा घेरा, सिंचाई व स्थान का किया अवलोकन**

## शक्ति प्रवाह उड़ान एक मंजिल संस्था के 7वें स्थापना दिवस पर आयोजन

# उम्रदराज महिलाओं के क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन करने पर दूसरी बार गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम हुआ दर्ज

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** शक्ति प्रवाह उड़ान एक मंजिल संस्था का नाम दूसरी बार गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है। संस्था द्वारा यह उपलब्धि हासिल करने पर सभी सदस्याओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर 7 में किया गया। इस अवसर पर संस्था के सात वर्ष पूरे होने पर स्थापना दिवस मनाया गया साथ ही सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। संस्था की संस्थापिका एवं अध्यक्ष अंजू साहू ने बताया कि संस्था के कार्यो को देखते हुए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दूसरी बार नाम दर्ज होने कि यह उपलब्धि उन्हें हासिल हुई है। पहली बार जब 40 से ऊपर महिलाओं का क्रिकेट आयोजन किया था और दूसरी बार शादीशुदा महिलाओं एवं पुरुषों का क्रिकेट मैच करवाने के अनूठे आयोजन के लिए दिया गया।



### 70 उत्कृष्ट प्रतिभाएं हुई सम्मानित

स्थापना दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायाक देवेंद्र यादव, एमआईसी मेंबर लक्ष्मीपति राजू, सहायक प्रबंधक ऑटोमेशन एंड डिजिटाइजेशन भिलाई इस्पात संयंत्र गीतांजलि साहू, ज्योति साहू, नोमिन साहू, खेदराम साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ, कबीर साहू, गोल्डी सोनी अध्यक्ष पूर्व मंडल, राजेश्वर साहू अध्यक्ष सैक्टर 6, देवेश साहू अध्यक्ष, हेमा साहू, शिखा राय, ममता जयसवाल, डॉ शैलेंद्र साहू, प्रेमचंद साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा अतिथियों सहित अन्य लोगो को सौ से अधिक पौधों का वितरण कर सभी से आने वाले मानसून में अधिक से अधिक संख्या में पौधा लगाने की अपील की गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए 70 से अधिक लोगों को सम्मानित किया गया।

### रैंप शो में दिखी नारी शक्ति

रंगारंग कार्यक्रम की कड़ी में संस्था की सदस्याओं द्वारा अनोखा रैंप शो का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं के अलग-अलग कार्य क्षेत्रों में महिलाओं की विशेष भूमिका को दिखाया गया। रैंप शो में देश की प्रथम महिला शिक्षिका, समाजसेविका, डॉक्टर, वकील, खिलाड़ी, पुलिस, युनिवर्स, झांसी की रानी, छत्तीसगढ़ महतारी सहित देश में मातृशक्ति का परचम लहराने वाली महिलाओं के किरदारों व उनकी शौर्यता को भी प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रमिला खलको और हर्ष साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्था की पदाधिकारी में उत्तर मेश्राम, शांति साहू, चंदा रानी, शीलादेवी, करुणा, अरुणा जैन, लता टंडन, तारिणी साहू, धनशीला, चंद्रप्रभा, अंजना भारती, किरण रात्रे, जूली गुप्ता, सरोज गुप्ता, मीरा सहित संस्था की सदस्याएं उपस्थित थी।



सिटी स्पोर्ट्स

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में छत्तीसगढ़ ने जीते 14 पदक



रायपुर। खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन 04 से 15 मई तक बिहार के पटना, राजगीर, गया, भागलपुर और बेगुसराई में संपन्न हुआ, जिसमें देशभर के अन्य राज्यों सहित छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों के दल ने भाग लिया। इस वर्ष यूथ गेम्स में कुल 26 खेलों व 01 डेमो खेल को शामिल किया गया था। यह केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजना है। छत्तीसगढ़ से गतका, कलारीपट्टू, स्वीमिंग, बैडमिन्टन, जूडो, रग्बी, फेसिंग, वेटलिफ्टिंग, थांगता, मलखम्भ, कबड्डी, कुश्ती, बास्केटबाल, शूटिंग, बॉक्सिंग सहित कुल 15 खेलों में हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ से कुल 106 खिलाड़ी तथा 29 सपोर्ट स्टाफ (कुल 135 लोगों) का दल सम्मिलित हुआ। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ के 18 खिलाड़ियों ने 08 खेल विधा में 03 स्वर्ण, 01 रजत तथा 10 कांस्य पदक सहित कुल 14 पदक अर्जित किए।

## रिंग फाइट चैंपियनशिप में दो ब्रांज के साथ छत्तीसगढ़ का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**रायपुर।** हैदराबाद में चल रहे इंटरनेशनल रिंग फाइट चैंपियनशिप 2025 में छह गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रांज के साथ छत्तीसगढ़ की टीम ने हैदराबाद ही नहीं, अपितु पूरे देश में डंका बजा दिया। छत्तीसगढ़ गर्ल्स रिंग फाइट की टीम ने अलग-अलग वर्गों के संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले में चार गोल्ड मेडल अपने नाम किए। वहीं, ब्वायज की टीम ने दो गोल्ड, एक सिल्वर और दो ब्रांज मेडल अपने नाम किए। छत्तीसगढ़ रिंग फाइट एसोसिएशन के संरक्षक और महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले और एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन दंडवते समेत सभी पदाधिकारियों ने विजयी खिलाड़ियों को बधाई दी। टीम के कोच व मैनेजर प्रवीण क्षीरसागर ने बताया कि ब्वायज टीम के मैच रविवार को हुए। पहले अंडर-14 (50 किलो) वर्ग में छत्तीसगढ़ के गौरव हिमने ने तमिलनाडु के जी. शशांक को हराकर सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। दूसरे मुकाबले अंडर-14 (55 किलो) में वेदांत साहू ने ब्रांज मेडल के हुए मुकाबले में अंडमार निकोबार के जी सामंथा को परास्त किया। तीसरे अंडर-14 (45 किलो) के रोचक मुकाबले में छत्तीसगढ़ के तुषार वर्मा ने अरुणाचल प्रदेश के अजीत कुमार बरुआ को हराकर गोल्ड मेडल जीता।

## वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप अंटालिया में छत्तीसगढ़ की टिकेश्वरी को 9वीं रैंकिंग



**रायपुर।** वर्ल्ड म्यू थाई चैंपियनशिप 23 मई - 01 जून 2025 अंटालिया (टर्की) में भारत का प्रतिनिधित्व करने खेल एवं युवा कल्याण विभाग दंतेवाड़ा की कोच कु. टिकेश्वरी साहू 13 सदस्यीय भारतीय म्यू थाई दल के अन्य सदस्यों के साथ इस्ताम्बुल होते हुए अंटालिया (टर्की) में भाग ले रही हैं। राज्य म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने आगे बताया कि सोमवार को सम्पन्न वाए क्रू (एकल प्रदर्शन) इवेन्ट में विश्व के खिलाड़ियों के साथ टिकेश्वरी साहू फाइनल में पहुंची और 70 देशों के खिलाड़ियों के मुकाबले अंकों के आधार पर 9वीं रैंकिंग की उपलब्धि प्राप्त कर भारत और छत्तीसगढ़ को अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में गौरवान्वित किया। वाए क्रू इवेन्ट में अंकों के आधार पर 70 देशों में से प्रथम दस देश के खिलाड़ियों की रैंकिंग इस प्रकार रही- फिलीपींस, विएतनाम, यूक्रेन, जर्मनी, ईरान, टर्की, यू ए ई, इजिप्त, भारत और चेक गणराज्य। टिकेश्वरी साहू की उपलब्धि पर महासचिव स्टीफन फॉक्स ने प्रशंसा करते हुए व्यक्तिगत बधाई दी

### सस्ती और आसानी से उपलब्ध सब्जी जो आपके स्वास्थ्य के लिए है बहुत फायदेमंद

# थायराइड की समस्या को बढ़ने से रोकने के लिए डाइट में शामिल करें ये शाकाहारी खाद्य पदार्थ

थायराइड ग्रंथि गले के पिछले हिस्से में तितली के आकार की होती है। यह शरीर के कई कामों को नियंत्रित करने में मदद करती है। अगर यह ठीक से काम नहीं करती है तो कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। इसके लिए आप अपनी डाइट में कुछ ऐसे शाकाहारी खाद्य पदार्थों को शामिल कर सकते हैं, जो थायराइड की समस्या को बढ़ने से रोकने में मदद कर सकते हैं। आइए उन खाद्य पदार्थों के बारे में जानते हैं।



### पालक

पालक एक ऐसी हरी पत्तेदार सब्जी है, जो लोहे, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फाइबर, विटामिन-ए, विटामिन-सी और विटामिन-के से भरपूर होती है। इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर में थायराइड हार्मोन के उत्पादन को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा पालक में आयोडीन की मात्रा भी होती है, जो थायराइड ग्रंथि के लिए जरूरी है। पालक का सेवन आप सलाद के रूप में कर सकते हैं या इसे सूप, परांठे और सब्जी बनाकर भी खा सकते हैं।

### पत्तागोभी

पत्तागोभी में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और फाइबर होता है, जो शरीर में थायराइड हार्मोन के उत्पादन को बढ़ाने में मदद कर सकता है। इसके अलावा पत्तागोभी में कैल्शियम और विटामिन-सी भी होता है, जो शरीर के लिए जरूरी है। पत्तागोभी का सेवन आप सलाद के रूप में कर सकते हैं या इसे सब्जी, परांठे और सूप बनाकर भी खा सकते हैं। यह एक सस्ती और आसानी से उपलब्ध सब्जी है, जो आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हो सकती है।

### आलू

आलू में पोटैशियम, मैग्नीशियम, फाइबर और विटामिन-C होता है, जो थायराइड ग्रंथि के लिए जरूरी है। आलू में आयोडीन की मात्रा भी होती है, जो थायराइड ग्रंथि के लिए जरूरी है। आलू का सेवन आप चिप्स, परांठे, टिक्की आदि रूपों में कर सकते हैं। आलू सस्ता और आसानी से मिलने वाली सब्जी है, जो आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हो सकती है। आलू का सेवन करने से आपकी थायराइड समस्या में सुधार हो सकता है।

### केला

केला पोटैशियम और मैग्नीशियम का अच्छा स्त्रोत है, जो थायराइड ग्रंथि के लिए जरूरी है। केले में विटामिन-सी और विटामिन-बी6 भी होते हैं, जो आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं। केले का सेवन आप सुबह के नाश्ते या शाम के नाश्ते के रूप में कर सकते हैं। केले आसानी से मिलने वाले फल हैं, जो आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हो सकते हैं। केले का सेवन करने से आपकी थायराइड समस्या में सुधार हो सकता है।

## कभी भी अंकुरित आलू न खाएं, कई स्वास्थ्य समस्याओं का करना पड़ सकता है सामना

आलू की सब्जी या चिप्स का सेवन करना पसंद करने वालों के लिए एक बड़ी चेतावनी है। अगर आप अंकुरित आलू खाना पसंद करते हैं तो अब से ऐसा करना छोड़ दें। अंकुरित आलू खाने से आपको कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, अंकुरित आलू में एक जहरीला तत्व होता है, जो खाने के दौरान पेट में पहुंचकर उल्टी, दस्त और यहां तक कि बेहोशी का कारण बन सकता है।



**अंकुरित आलू में होता है एक जहरीला तत्व :** आलू में एक जहरीला तत्व निकलता है, जिसे सोलनिन कहा जाता है। यह तत्व आलू के हरे हिस्से और अंकुरणों में अधिक मात्रा में पाया जाता है। अगर आप इन्हें खा लेते हैं तो आपको उल्टी, दस्त, पेट दर्द और यहां तक कि बेहोशी का भी सामना करना पड़ सकता है। इसलिए अंकुरित आलू को किसी भी तरह से खाने की गलती न करें। अंकुरित आलू को खाने से पहले आप इसके हरे हिस्से को भी न खाएं।

**अंकुरित आलू को कैसे पहचानें :** अगर आपको लगता है कि अंकुरित आलू खाने से कोई नुकसान नहीं होता है तो आप गलत हैं। अंकुरित आलू को पहचानना आसान है। दरअसल, अंकुरित आलू में छोटे-छोटे हरे रंग के अंकुर निकल आते हैं। इसके अलावा अंकुरित आलू में हरी पत्तियां भी निकल आती हैं, जिन्हें आप खाने से बचें। अगर आप इसे किसी तरह से खाने की गलती कर लेते हैं तो आपको उल्टी, दस्त, पेट दर्द और बेहोशी का भी सामना करना पड़ सकता है।

**अंकुरित आलू से क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं :** अगर आप अंकुरित आलू खा लेते हैं तो आपको कई स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इससे आपको उल्टी, दस्त, पेट दर्द और यहां तक कि बेहोशी का भी सामना करना पड़ सकता है। इसलिए अंकुरित आलू को खाने से पहले आप इसके हरे हिस्से को भी न खाएं। अगर आपको किसी तरह से अंकुरित आलू खाने की गलती हो जाती है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**अंकुरित आलू की जगह क्या खाएं :** आलू खरीदते समय अंकुरित आलू न खरीदें या घर में रखा अंकुरित आलू भी किसी सब्जी के लिए न इस्तेमाल करें। आप अंकुरित आलू की जगह अन्य सब्जियों का भी सेवन कर सकते हैं जैसे टमाटर, गोभी, मटर आदि।

## मच्छरों को दूर रखने में सहायक हैं ये पौधे, घर में जरूर लगाएं

मच्छरों के कारण डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां फैलती हैं इसलिए इन्हें अपने घर से दूर रखना जरूरी है। इसके लिए लोग तरह-तरह के उपाय अपनाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ पौधे भी हैं, जो मच्छरों को घर से दूर रख सकते हैं? ये पौधे अपने खास गुणों के कारण घर के वातावरण को भी बदल सकते हैं। आइए आज हम आपको पांच ऐसे पौधों के बारे में बताते हैं, जो घर में लगाने चाहिए।

**लेमनग्रास का पौधा :** लेमनग्रास अपनी खट्टे-सिट्रस खुशबू से मच्छरों को दूर रखता है। इसे अपने बगीचे या बालकनी में लगाएं ताकि इसकी खुशबू पूरे घर में फैले। लेमनग्रास विटामिन-C से भरपूर होती है, जो आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होती है। इसके अलावा लेमनग्रास का उपयोग दवाओं में किया जाता है, जिससे यह आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। आप इसे आसानी से अपने बगीचे या बालकनी में लगा सकते हैं।

**लैवेंडर का पौधा :** लैवेंडर का पौधा अपनी खुशबू के लिए जाना जाता है, लेकिन यह मच्छरों को भगाने में भी मदद कर सकता है। इसे घर के बाहर या अंदर कहीं भी लगाया जा सकता है। लैवेंडर की खुशबू मच्छरों को नापसंद होती है, जिससे वे आपके घर से दूर



रहते हैं। इसके अलावा लैवेंडर के तेल का उपयोग भी किया जा सकता है, जो मच्छर भगाने में असरदार होता है। इसके अलावा यह पौधा आपके घर की शोभा भी बढ़ाता है।

**तुलसी का पौधा :** तुलसी का पौधा भारतीय घरों में आमतौर पर पाया जाता है, लेकिन इसके गुण सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं हैं। तुलसी की तासीर गर्म होती है, जो मच्छरों को दूर रखने में मदद करती है। नियमित रूप से तुलसी के पत्तों का सेवन करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और त्वचा पर भी निखार आता है। इसके अलावा तुलसी की खुशबू भी मच्छरों को नापसंद होती है, जिससे वे आपके घर से दूर रहते हैं।

**पुदीने का पौधा :** पुदीने की खुशबू भी मच्छरों को नापसंद होती है, इसलिए इसे अपने घर में लगाने से काफी फायदा होता है। पुदीने का पौधा न केवल खाने-पीने में उपयोगी होता है, बल्कि इसकी खुशबू भी मच्छरों को दूर रखती है।



## रोजाना दूध वाली चाय पीने से शरीर में पड़ सकते हैं अनेक गंभीर दुष्प्रभाव

दूध वाली चाय का सेवन बहुत से लोग सुबह के समय करते हैं। यह न केवल स्वादिष्ट होती है, बल्कि इसमें कई पोषक तत्व भी होते हैं। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि रोजाना दूध वाली चाय पीने से क्या-क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं? इस लेख में हम आपको उन पांच गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में बताएंगे, जो आपके स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकते हैं। इन दुष्प्रभावों को जानकर आप अपनी आदतों में बदलाव ला सकते हैं।

**पाचन तंत्र पर पड़ता है बुरा असर :** दूध वाली चाय का सेवन पाचन तंत्र पर बुरा असर डाल सकता है। इसमें मौजूद कैफीन और दूध की मात्रा मिलकर पाचन क्रिया को प्रभावित कर सकती हैं, जिससे पेट दर्द, गैस, अपच जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा दूध और चाय के मिश्रण से पेट में जलन भी बढ़ सकती है, जिससे असुविधा हो सकती है। अगर आप रोजाना ज्यादा दूध वाली चाय पीते हैं तो आपको इन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।



**शरीर में आयरन की कमी होना :** दूध वाली चाय में मौजूद एक तत्व आयरन को शरीर में जाने से रोकता है। इससे शरीर में आयरन की कमी हो सकती है, जिससे खून की कमी जैसी समस्या हो सकती है। आयरन की कमी के कारण थकान, कमजोरी और कमजोरी महसूस होना जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए अगर आप रोजाना एक कप से ज्यादा दूध वाली चाय पीते हैं तो आपको इन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**दांतों को हो सकता है नुकसान :** दूध वाली चाय दांतों के लिए भी नुकसानदायक हो सकती है। इसमें मौजूद चीनी और एसिड दांतों को कमजोर बना सकते हैं, जिससे दांतों में छेद जैसी समस्या हो सकती है। इसके अलावा दूध और चाय के मिश्रण से दांतों में संवेदनशीलता बढ़ सकती है, जिससे दर्द या असुविधा हो सकती है। इसलिए अगर आप रोजाना एक कप से ज्यादा दूध वाली चाय पीते हैं तो आपको इन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### नींद में आती है दिक्कत

दूध वाली चाय में मौजूद कैफीन नींद में खलल डाल सकता है। इससे नींद पूरी नहीं होती और व्यक्ति चिड़चिड़ा हो जाता है। इसके अलावा कैफीन के ज्यादा सेवन से नींद न आने की समस्या भी हो सकती है। इसलिए अगर आप रोजाना एक कप से ज्यादा दूध वाली चाय पीते हैं तो आपको इन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। बेहतर होगा कि आप रात को सोने से पहले चाय न पिएं।

### वजन बढ़ना

दूध वाली चाय का लगातार सेवन वजन बढ़ने का कारण बन सकता है। इसमें मौजूद चीनी और वसा वजन बढ़ाने वाले कारक हो सकते हैं। इसके अलावा दूध और चाय के मिश्रण से पेट फूलना और अपच जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। इसलिए अगर आप रोजाना एक कप से ज्यादा दूध वाली चाय पीते हैं तो आपको इन समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। बेहतर होगा कि आप बिना चीनी वाली काली चाय का सेवन करें।

कार्नर न्यूज

### डॉक्टर्स इस मौसम में हमेशा हल्के कपड़े पहनने की सलाह देते हैं

# गर्मियों के लिए शॉपिंग करने जा रहे हैं तो इन बातों का ध्यान रखें, वरना होंगे परेशान...

मई का महीना है और गर्मी की वजह से लोगों की हालत खराब है। कई जगहों पर पारा 42 डिग्री तक पार कर गया है। इस भीषण गर्मी से बचने के लिए लोगों ने दिन के समय घर से बाहर निकलना तक बंद कर दिया है। डॉक्टर्स इस मौसम में हमेशा हल्के कपड़े पहनने की सलाह देते हैं। यदि आप भी समर शॉपिंग के लिए जा रहे हैं तो कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखें। क्योंकि यदि आप गलत कपड़े पहनकर इस भीषण गर्मी में घर से बाहर निकलेंगे तो इससे स्किन संबंधी परेशानियां आपको घेर लेंगी। ऐसे में अपने लिए कुछ बातों को ध्यान में रखकर ही खरीदारी करें, ताकि आपका लुक भी एकदम परफेक्ट दिखे और आपको कोई परेशानी भी न हो।



### सही फैब्रिक हो

यदि आप शॉपिंग करने जा रहे हैं तो ये बात ध्यान रखें कि इस मौसम में हमेशा हल्के फैब्रिक वाले कपड़े ही कैरी करने चाहिए। इनमें कॉटन, लिनन, खादी जैसे फैब्रिक शामिल हैं। ये पसीना जल्दी सोखते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। इस दौरान नायलॉन, पॉलिएस्टर जैसे कपड़े तो कतई न खरीदें। ये पसीना नहीं सोखते हैं, जिस कारण स्किन पर घमौरियां होने लगती हैं।

### सही हो रंग

गर्मी के मौसम में हल्के रंगों का ही चयन करें, क्योंकि ये रंग ठंडक का एहसास कराते हैं। खासतौर पर सफेद, बेबी पिंक, पेस्टल ब्लू, लाइट येलो जैसे रंग गर्मी के मौसम में सबसे परफेक्ट माने जाते हैं। जो डार्क रंग होते हैं, उन्हें पहनकर गर्मी ज्यादा लगती है, इसलिए इनसे दूर रहें।

### सही फिटिंग हो जरूरी

इस मौसम में गलती से भी ज्यादा टाइट कपड़े न पहनें। कपड़े पहनते समय इसकी फिटिंग चेक करें, कि कहीं ये टाइट तो नहीं है। इस मौसम में हमेशा लूज और फ्लोई आउटफिट्स में आराम मिलता है। ये त्वचा को सांस लेने का मौका प्रदान करते हैं।

### फुल हो स्लीव

आप कितना भी सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर लें, लेकिन धूप की हानिकारक किरणें त्वचा को डैमेज कर ही देती हैं। इसलिए कोशिश करें कि जो भी कपड़े खरीदें, वो फुल स्लीव के ही हों।



### ऐसे होने चाहिए फुटवियर

गर्मियों के मौसम में जूते पहनने से बचें। इस सीजन में सैंडल, स्लिपर्स, क्रॉक्स जैसे ओपन फुटवियर पहनना बेहतर होता है। जो फुटवियर खुले होते हैं, उनकी वजह से पैरों को हवा मिलती रहती है। जिस कारण पैरों में पसीना कम आता है।

### एक्सेसरीज को भी करें शामिल

अपने समर लुक की शॉपिंग करने जा रहे हैं तो कुछ एक्सेसरीज को भी अपने लुक में शामिल करें। सनग्लासेस, हैट या कैप आपके लुक को भी स्टाइलिश बनाते हैं और धूप से भी बचाते हैं। इसलिए इनका इस्तेमाल करें। इन्हें अपने बैग में हमेशा रखें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ये फिल्में हैं सबसे ज्यादा डरावनी, बॉक्स ऑफिस पर कमाए करोड़ों



हॉलीवुड की फिल्म 'फाइनल डेस्टिनेशन ब्लडलाइन्स' भारत में 15 मई को रिलीज हुई। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। फिल्म ने खबर लिखे जाने तक भारत में 34.85 करोड़ का कारोबार किया है। यह फिल्म हॉरर है जो लोगों को खूब पसंद आ रही है। ऐसे में हम बता रहे हैं कि हॉलीवुड की कौन सी फिल्में हैं जो बहुत डरावनी हैं और इन्हें लोगों ने पसंद किया है। द कॉन्ज्यूरिंग : 'द कॉन्ज्यूरिंग' फिल्म साल 2013 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन जेम्स वान ने किया था। फिल्म में वेरा फार्मिगा, पैट्रिक विल्सन और रॉन लिविंगस्टन ने अभिनय किया है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी कामयाब रही थी। फिल्म का बजट 20 मिलियन डॉलर था, जबकि इसने दुनियाभर में 319.5 मिलियन डॉलर कमाए थे। द रिंग : साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'द रिंग' को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। फिल्म में दिखाया गया है कि एक रहस्यमयी वीडियो टेप देखने के बाद दर्शक की मौत हो जाती है। फिल्म में नाओमी वाट्स, मार्टिन हेंडरसन और ब्रायन कॉक्स ने अदाकारी की है। 48 मिलियन डॉलर के बजट में बनी इस फिल्म ने 249.3 मिलियन डॉलर कमाए थे।

### टॉलीवुड

## 'कुबेर' का टीजर रिलीज, बिना डायलॉग के भी छा गए नागार्जुन और रश्मिका



फिल्म 'कुबेर' में लीड में धनुष, नागार्जुन, रश्मिका मंदाना हैं, नेगेटिव के रोल में जिम सरभ नजर आएंगे। हाल ही में इस फिल्म का तमिल टीजर रिलीज किया गया। टीजर के बैकग्राउंड में बस एक गाना बजता है, कोई डायलॉग नहीं है। हर कलाकार का अभिनय बिना डायलॉग के भी दमदार दिख रहा है। 'कुबेर' फिल्म के चंद मिनट के टीजर में धनुष, रश्मिका मंदाना, नागार्जुन और जिम सरभ अपने संजीदा अभिनय से प्रभावित करते हैं। यह एक सोशल थ्रिलर फिल्म है, फिल्म को शेखर कम्मुला ने निर्देशित किया है। टीजर में पैसों का ढेर, एक्शन और ड्रामा की झलक मिलती है। फिल्म 'कुबेर' में धनुष के लुक को देखकर दर्शक हैरान हो सकते हैं। कुछ सीन्स में वह एक गरीबी, लाचार किस्म के आदमी के तौर पर दिखते हैं। वहीं दूसरे सीन्स में अलग ही अंदाज में धनुष का नजर आता है। वहीं नागार्जुन एक फैमिली मैन के रोल में नजर आते हैं। रश्मिका का किरदार क्या है, इसका साफ पता नहीं चलता लेकिन वह धनुष के किरदार के साथ खड़ी नजर आती है। फिल्म 'कुबेर' को तेलुगू, तमिल और हिंदी में एक साथ शूट किया जा रहा है। पैन इंडिया फिल्म के तौर पर यह फिल्म रिलीज होगी। अभी इस फिल्म की रिलीज डेट 20 जून सामने आई है। तमिल फिल्म 'कुबेर' के अलावा धनुष आनंद एल रॉय निर्देशित फिल्म 'तेरे इश्क में' भी नजर आएंगे। इस फिल्म में वह कृति सेनन के अपोजिट दिखेंगे। आनंद एल रॉय और धनुष पहले भी 'रांझणा' और 'अतरंगी रे' जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं।

### भोजपुरी

## 'जादू तेरी नजर- डायन का मौसम' में मोनालिसा की एंट्री, कहानी लेगी नया मोड़



स्टार प्लस का नया शो 'जादू तेरी नजर - डायन का मौसम' अपने रहस्यमयी और रोमांचक ट्विस्ट के चलते पहले ही दर्शकों के बीच चर्चा में है। अब इस शो में होने जा रही है एक धमाकेदार एंट्री—टीवी और भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री मोनालिसा की, जो एक बेहद अहम और चौंकाने वाले किरदार में नजर आएंगी। शो की कहानी एक बहादुर लड़की गौरी की है, जिसके पास कुछ छिपी हुई जादुई शक्तियां हैं। गौरी इन ताकतों के सहारे उस अंधेरे से लड़ रही है, जो उसके परिवार और पूरी दुनिया को अपने कब्जे में लेने की ताक में है। भारतीय लोक कथाओं की रहस्यमयी दुनिया से प्रेरित यह फैंटेसी ड्रामा हर एपिसोड के साथ नए राज और मोड़ों को सामने लाता है। अब इसी कहानी में मोनालिसा की एंट्री से बड़ा भूचाल आने वाला है। स्टार प्लस के लोकप्रिय शो 'नज़र' में डायन मोहना के किरदार से दर्शकों का दिल जीत चुकीं मोनालिसा एक बार फिर सुपरनैचुरल दुनिया में वापसी कर रही हैं-इस बार एक नए, बोल्ड और रहस्यमयी अवतार में। मोनालिसा ने अपनी वापसी पर कहा, स्टार प्लस के इस रोमांचक शो का हिस्सा बनकर मैं बेहद उत्साहित हूं। यह किरदार मेरे लिए बहुत खास है और मैं वादा करती हूं कि मेरी एंट्री के बाद कहानी में ऐसे ट्विस्ट आएंगे जिनकी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। दर्शकों के साथ दोबारा जुड़ने का इंतजार मुझे बेसब्री से है। मोनालिसा का किरदार शो में नई ऊर्जा और रहस्य लेकर आएगा। अभी यह साफ नहीं है कि वह कहानी में नायक होंगी या खलनायक, लेकिन इतना तय है कि उनकी एंट्री से कहानी की दिशा पूरी तरह बदलने वाली है।

## लाइफ स्टाइल

## आलिया ने गुच्ची साड़ी लुक से मचाया तहलका

एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपने फैशन स्टाइल और अट्रैक्टिव लुक से सबको दीवाना बना दिया। उनके रेड कार्पेट लुक की चर्चा इन दिनों हर जगह हो रही है। पहले दिन आलिया ने सॉफ्ट बेज कलर के प्रिंसेस लुक गाउन में सबको प्रभावित किया था, वहीं, क्लोजिंग सेरोमनी के दिन बेहद ही यूनिक साड़ी पहनकर सबका दिल जीत लिया। इस साड़ी की खास बात ये थी कि इसे मशहूर फैशन हाउस गूची ने पहली बार तैयार की थी। इस साड़ी का पैटर्न जालीदार है। साथ ही इस पर ब्रांड का लोगो भी ऐड किया गया है। ब्लाउज का डिजाइन डीप वी नेकलाइन में है।. साड़ी में कोई प्लीट्स नहीं, बल्कि इसे टाइट फिटिंग स्कर्ट का लुक दिया गया है। पल्लू भी ट्रेडिशनल तरीके से ड्रेप न करते हुए कंधे पर एक साइड बैज्वैल्ड दुपट्टे की तरह कैरी किया हुआ था।




## गर्मी में अटैंड करनी है पार्टी तो बालों को ऐसे करें स्टाइल कि देखते रह जाएं लोग

सर्दी के मौसम में तो शादी-पार्टी अटेंड करना हर किसी को पसंद होता है, क्योंकि तब तैयार होते समय किसी तरह की परेशानी नहीं होती है। लेकिन जब गर्मी के मौसम में किसी शादी-पार्टी के लिए तैयार होना पड़े, तब काफी गुस्सा आता है। खासतौर पर महिलाओं को तो ये समझ नहीं आता कि वो बालों को कैसे स्टाइल करें। क्योंकि बालों को खुला रखने से सबसे ज्यादा गर्मी लगती है। ऐसे में हम आपको गर्मी के मौसम के लिए कुछ खास और सिंपल हेयर स्टाइलों के बारे में बताने जा रहे हैं, ताकि आप इस मौसम में भी स्टाइल बरकरार रखें।

**लो बन देता है काफी क्यूट लुक :** गर्मी के मौसम में लो बन काफी क्यूट लुक देने का काम करता है। लो बन लंबे और छोटे दोनों तरह के बालों में अच्छा लगता है। लंबे बालों में बन बनाना तो काफी आसान है, लेकिन यदि आपकी बाल छोटे हैं तो बन बनाना थोड़ा मुश्किल होता है। ऐसे में इसे जूड़ा पिन की मदद से सेट करें। चाहें तो आप इसमें गजरा लगा सकते हैं, ताकि आपका लुक अच्छा लगे।

**आजकल महिलाओं की पहली पसंद मेसी बन :** आज-कल महिलाओं को मेसी बन बनाना काफी पसंद आ रहा है। इस तरह की हेयर स्टाइल में बालों को पहले हल्का कर्ल किया जाता है और फिर उससे बन बनाया जाता है। ऐसा करने से बाल और भी ज्यादा घने लगते हैं। कर्ल करने के बाद यदि बालों में मेसी बन बनाया जाए तो छोटे बालों में भी परेशानी नहीं होती और बाल काफी घने लगते हैं।



**ब्रेडेड हेयर स्टाइल :** जिन लोगों के फेस पर जूड़ा अच्छा नहीं लगता वो ब्रेडेड हेयर स्टाइल बना सकते हैं। इसके लिए बालों से ब्रेड्स बना लें। इसी पीछे की साइड करके अटैच कर लें, ताकि ये आपको गर्मी से बचाए और स्टाइल भी दे। ऐसी हेयर स्टाइल वेस्टर्न पर भी खूब जचती है।

### हाफ अप-हाफ डाउन स्टाइल

जिन महिलाओं को खुले बाल रखना पसंद है, लेकिन गर्मी के मौसम में खुले बाल रखना काफी मुश्किल काम है। ऐसे में आप गर्मी के मौसम में हाफ अप-हाफ डाउन स्टाइल कैरी कर सकती हैं। इसके लिए आपको अपने आधे बालों को पीछे की साइड करके पिन करना है, तो वहीं बाकी बालों को खुला रखना है।

### स्लीक पोनीटेल

आज-कल अभिनेत्रियां भी स्लीक हेयर स्टाइल कैरी करना पसंद करती हैं। ऐसे में आप भी चाहें तो स्लीक स्टाइल की पोनीटेल बनाकर अपने लुक को परफेक्ट बनाएं। स्लीक पोनीटेल हर तरह के आउटफिट के साथ कमाल की लगती है।

## डार्क रंग के कपड़ों से बढ़ जाता है शरीर का तापमान, ऐसे स्टाइल करें ब्लैक आउटफिट

फैशन



शायद ही कोई व्यक्ति ऐसा होगा, जिसे ब्लैक रंग न पसंद हो। ये एक ऐसा रंग है, जिसे कभी भी, किसी भी मौके पर पहना जा सकता है। ब्लैक रग का आउटफिट अपने आप में ही रॉयल लुक देने का काम करता है। लेकिन गर्मी के मौसम में ब्लैक आउटफिट पहनने में काफी परेशानी आती है।

दरअसल, गर्मी के मौसम में डार्क रंग पहनने से न सिर्फ और भी ज्यादा गर्मी लगती है, बल्कि घमौरियां होने की आंशंका भी काफी हद तक बढ़ जाती है। इसी कारण हम आपको गर्मी में ब्लैक आउटफिट को सही तरह से स्टाइल करने के टिप्स देंगे। इन टिप्स को फॉलो करके आप अपने लुक में बदलाव कर सकते हैं।

**फैब्रिक हो सही :** अपने लिए ब्लैक आउटफिट खरीद रहे हैं, या उसे पहनने जा रहे हैं तो पहले ये देख लें कि इसका फैब्रिक गर्मी के मौसम के हिसाब से हो। गर्मी के मौसम मे आप कॉटन, लिनन या रेयॉन फैब्रिक के ब्लैक आउटफिट कैरी कर सकते हैं। सिंथेटिक फैब्रिक से दूर रहें, इससे आपकी त्वचा पर इंफेक्शन का खतरा रहेगा।

**बॉडी फिटिंग से रहें दूर :** गर्मी के मौसम में ज्यादा फिटिंग के कपड़े वैसे भी दिक्कत बढ़ा सकते हैं। खासतौर पर यदि इनका रंग ब्लैक होगा, तो ये आपको और परेशान कर देंगे। इसलिए इस मौसम में हमेशा ढीले ब्लैक आउटफिट ही पहनें, ताकि आपकी त्वचा पर किसी तरह की कोई परेशानी न होने पाए।

**लेयरिंग से रहें दूर :** इस भीषण गर्मी में तो वैसे भी लेयरिंग से दूर ही रहना चाहिए। पर, जब बात हो रही है ब्लैक आउटफिट की तब तो इस बात को गांठ बांध लें कि इसके साथ लेयरिंग तो भूल के भी न करें। इससे आपकी परेशानी कई गुना बढ़ जाएगी लेयरिंग सिर्फ सर्दी के मौसम में अच्छी रहती है।

**एक्सेसरीज हो हल्की :** अपने ब्लैक आउटफिट लुक के साथ हल्की एक्सेसरीज का चयन करें। हैट, सनग्लासेस, हल्की ज्वेलरी या स्लिंग बैग के साथ अपने लुक को कंप्लीट करें। इसके साथ यदि आप ज्यादा हैवी एक्सेसरीज कैरी करेंगे तो इससे भी आप परेशानी में पड़ सकते हैं।

**मेकअप रखें लाइट :** गर्मी के मौसम में वैसे भी ज्यादा हैवी मेकअप की जरूरत नहीं पड़ती है। खासतौर पर जब आप ब्लैक रंग का आउटफिट कैरी कर रही हैं, तब तो अपने मेकअप को एकदम ही मिनिमल रखें। थोड़ा सा भी ज्यादा मेकअप आपको गर्मी में परेशान कर देगा।

## सीक्विन साड़ी खरीदते समय अवश्य रखें इन बातों का ध्यान, ताकि लुक देखकर जलने लगें लोग

साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे हर उम्र की भारतीय महिलाएं पहनना पसंद करती हैं। साड़ी पहनकर महिलाओं का लुक सबसे खूबसूरत लगता है, यही वजह है कि आज के समय में तो महिलाएं पूजा-पाठ, शादी-विवाह और पार्टियों में भी साड़ी पहनना पसंद करती हैं। आज-कल के समय में महिलाओं को सीक्विन वर्क की साड़ी काफी पसंद आती है, पर क्या आप जानती हैं कि इस साड़ी को खरीदने से पहले काफी सोचने और समझने की जरूरत है। यहां हम आपको इसी बारे में जानकारी देने जा रहे हैं। यहां हम आपको बताएंगे कि सीक्विन वर्क की साड़ी खरीदते समय आपको किन बातों का ध्यान रखने की जरूरत पड़ती है, ताकि आप परफेक्ट साड़ी पहनकर अपने लुक को कई गुना खूबसूरत बना सकें।



### सही हो फैब्रिक

यदि आप सीक्विन वर्क की साड़ी खरीद रही हैं तो पहले उसका फैब्रिक देख लें। दरअसल, सीक्विन वर्क के बाद साड़ी काफी हैवी हो जाती है। इसलिए हल्के फैब्रिक वाली सीक्विन वर्क की साड़ी खरीदें, ताकि इसे पहनकर आपको किसी तरह की परेशानी न होने पाए। बहुत ज्यादा भारी साड़ी पहनना और कैरी करना मुश्किल हो सकता है, खासकर तब, जब आपको लंबे समय के लिए साड़ी पहननी हो।

### क्वालिटी देखें

सीक्विन वर्क की साड़ी खरीदते समय इस बात का ध्यान रखें कि इस पर वर्क अच्छे और सफाई से हो। यदि रफली काम होगा, तो ये आपकी साड़ी को खराब दिखाएगा। अच्छे से ये चेक

## हर महिला के पास होनी चाहिए हाथों में पहनने वाली खूबसूरत व लेटेस्ट एक्सेसरीज

हाथ की एक्सेसरीज की बात करें तो ये गहने न केवल सुंदर दिखते हैं, बल्कि आपके पूरे लुक को भी खास बना सकते हैं। चाहे आप किसी शादी या पार्टी में जा रही हों या रोजमर्रा के कामकाज में, हाथ के गहने आपके व्यक्तित्व को निखार सकते हैं। इस लेख में हम आपको पांच ऐसी हाथ की एक्सेसरीज के बारे में बताएंगे, जो हर महिला की एक्सेसरीज किट का अहम हिस्सा होनी चाहिए।

**चूड़ियां :** चूड़ियां बहुत लोकप्रिय होती जा रही हैं और आजकल तो बाजार में कई रंग और डिजाइन में चूड़ियां उपलब्ध हैं। ये चूड़ियां न केवल स्टाइलिश दिखती हैं बल्कि इन्हें पहनना भी आरामदायक होता है। आप विभिन्न रंगों और डिजाइनों में इन चूड़ियों का चयन कर सकती



हैं, जो आपके व्यक्तित्व को दर्शाती हों। इन चूड़ियों को आप किसी भी मौके पर पहन सकती हैं और ये आपके लुक को और भी खास बना सकती हैं।

**अंगूठी :** अंगूठी एक ऐसा गहना है, जो हमेशा आपके साथ रहता है और आपके व्यक्तित्व को निखारता है। आप ऑक्सीडाइज, स्टोन या फिर कुंडन की अंगूठियां चुन सकती हैं, जो आपके स्टाइल के अनुकूल हों। कुंडन की अंगूठियां खास मौकों पर पहनने के लिए बेहतरीन होती हैं, वहीं ऑक्सीडाइज और स्टोन की अंगूठियां रोजमर्रा के उपयोग के लिए उपयुक्त होती हैं। अंगूठी पहनने से आपके हाथों की सुंदरता बढ़ती है और यह आपके पूरे लुक को खास बनाती है।

**कलाई घड़ी :** कलाई घड़ी न केवल समय बताती है बल्कि यह आपके हाथों को भी सजाती है। आजकल बाजार में कई प्रकार की घड़ियां उपलब्ध हैं, जिनमें पारंपरिक से लेकर आधुनिक डिजाइनों तक शामिल हैं। आप अपनी पसंद और आवश्यकता अनुसार घड़ी चुन सकती हैं। इसके अलावा आप कड़े या चेन की घड़ियों का चयन कर सकती हैं, जो आपके स्टाइल के अनुकूल हों।

कार्नर न्यूज

### शादी में सजने-संवरने के बाद पसीने से तर-बतर होना कोई नहीं करता पसंद

## गर्मी में अटैंड करनी है शादी तो खरीद लें ऐसे आउटफिट, ताकि बिना पसीने में भीगे करें डांस

दिन में तपती धूप, रात में उमस और पसीना से तर-ब-तर शरीर गर्मी में बहुत परेशान करता है। ऐसे में अगर आपको किसी शादी में जाना पड़ जाए तो इस स्थिति में न आप कह नहीं सकती हैं और जाने का आपका मन नहीं करता है। हैवी लहंगे-साड़ी को देखते ही पसीना छूट जाता है। कुछ हल्का पहनने की सोचती हैं तो अच्छा नहीं लगता। ऐसे में आपको इस मौसम के लिए कुछ खास फ्रेब्रिक के आउटफिट का चयन करना चाहिए, जो कूल-कूल रखने के साथ ही कूल लुक भी दें।



### हल्के फैब्रिक की साड़ियां

गर्मी में साड़ी पहनना चाहती हैं, लेकिन भारी साड़ी पहनने में और संभालने में मुश्किल होती है तो बनारसी या सिल्क साड़ी की जगह आप कॉटन, ऑर्गेंजा, लिनेन या चंदेरी जैसी लाइटवेट फैब्रिक की साड़ियां चुनें। ये न सिर्फ देखने में सुंदर लगती हैं, बल्कि त्वचा को सांस भी लेने देती हैं। ये आपको एलीगेंट लुक भी देती हैं। आप साड़ी को स्लीवलेस या बैकलेस ब्लाउज के साथ पेयर करें और कम-से-कम ज्वेलरी से लुक को कंप्लीट करें।

### क्लासिक कुर्ता सेट्स

अगर आप कुछ ट्रेडिशनल पहनना चाहती हैं, लेकिन झंझट नहीं चाहतीं तो एक सुंदर कुर्ता सेट पहनकर शादी में खास नजर आ सकती हैं। कॉटन, चिकनकारी या मलबरी सिल्क के कुर्ते गर्मी में बेहद आरामदायक होते हैं। इन्हें प्लाजों या स्ट्रेट पैंट्स के साथ स्टाइल करें। इसमें आप सिंपल और सोबर नजर आएंगी। साथ ही ध्यान रखें कि दुपट्टा बहुत हैवी न हो। नेट या ऑर्गेंजा का हल्का दुपट्टा कैरी करें।

### क्लासी को-ऑर्ड सेट्स

मॉडर्न लुक विद ट्रेडिशनल टच चाहती हैं तो इन दिनों आपके लिए को-ऑर्ड सेट्स ट्रेंड में हैं। ये खासकर उन महिलाओं के लिए बेस्ट हैं, जो शादी में सिर्फ ट्रेडिशनल ही पहनना पसंद करती हैं। को-ऑर्ड सेट में ढेर सारे विकल्प मौजूद हैं, जैसे- गोटा पट्टी वर्क, चंदेरी या जामदानी या फिर हैंडब्लॉक प्रिंट्स वाले को-ऑर्ड सेट्स। ट्रेडिशनल लाइट फैब्रिक वाले प्रिंटेड या सॉलिड को-ऑर्ड सेट्स आपको स्टाइलिश और गर्मी से राहत दे सकते हैं।



### हैवी एंब्रॉयडरी नहीं

फैशन डिजाइनर, शीतल भदानी चंद्रा का कहना है गर्मी के मौसम में शादी अटेंड करना एक चुनौती हो सकती है, लेकिन सही कपड़े पहनकर आप न सिर्फ कूल महसूस कर सकती हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिख सकती हैं। इस मौसम में आप हल्के, सांस लेने वाले फैब्रिक्स, जैसे कि कॉटन, लिनेन और शिफॉन को चुनें। ये न केवल स्किन-फ्रेंडली होते हैं, बल्कि पसीने से भी राहत देते हैं। महिलाएं हल्के रंगों में फ्लोई अनारकली, अंगरखा स्टाइल कुर्ता या शिफॉन/कॉटन साड़ी-धागे का वर्क ट्राई कर सकती हैं। पेस्टल रंग, जैसे कि मिंट ग्रीन, बेबी पिंक, लैवेंडर और ऑफ व्हाइट गर्मी के लिए परफेक्ट हैं। हैवी एंब्रॉयडरी से बचें। इसकी जगह चिकनकारी, हैंडब्लॉक प्रिंट्स या लाइट गोटा वर्क के कपड़े सही रहेंगे। हल्की ज्वेलरी और कम-से-कम मेकअप लुक को कंप्लीट करेंगे। पैरों में जूती या ओपन सैंडल पहनें, ताकि पैरों में हवा लगती रहे।